## सरयू राय ने कहा राज्य में एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी

**पूर्वी सिंहभूम(ईएमएस)।** जनता दल यूनाइटेड के नेता और विधायक सरयू राय ने कहा कि भाजपा के साथ जदयू और लोजपा पार्टी एकजुट है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार से सभी लोग परेशान हैं। उनके बातों पर लोग विश्वास नहीं कर रहे हैं। अभी वह लगातार मइया योजना के तहत राशि बांट रहे हैं, लेकिन जब भाजपा ने गोगो दीदी योजना की बात कही, तो मइया योजना की राशि 2500 रुपए करने का हेमंत सरकार ने फैसला किया। श्री सरयू राय ने कहा कि पिछले फरवरी माह से वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन नहीं दिया जा रहा है। इसलिए लोगों के मन में है कि 18 से 50 वर्ष के महिलाओं को जो राशि दी जा रही है, वह भी चुनाव के बाद बंद हो जाएगी। इसका विश्वास नहीं किया जा सकता है।श्री सरयू राय ने कहा कि चंपई सोरेन के आने से भाजपा और एनडीए गठबंधन काफी मजबूत हुआ है और ऐसे कई बड़े नेता हैं, जिसके कारण एनडीए गठबंधन इस चुनाव में विजय पताका फिर से फहराएगी।

## राज्यपाल ने धनबाद में एसजेएएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का किया उद्घाटन

धनबाद, 15 अक्टूबर( हि.स.)। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को धनबाद में एसजेएएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल में व्याप्त विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह अस्पताल इस क्षेत्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण पहल है।अवलोकन के दौरान राज्यपाल ने कहा कि यह अस्पताल अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं से सुसज्जित है, जो जटिल बीमारियों के इलाज में सक्षम होगा। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से आह्वान किया कि समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को भी स्वास्थ्य सेवाओं की पूरी सुविधा मिले, इस दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। राज्यपाल ने अस्पताल के संस्थापकों, चिकित्सकों, नर्सों और सभी स्वास्थ्य कर्मियों को बधाई देते हुए विश्वास प्रकट किया कि यह अस्पताल आने वाले वर्षों में चिकित्सा क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा और धनबाद तथा आसपास के क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा।

## जन आरोग्य केंद्र, सीसीएल द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**रांची।** आज 15 अक्टूबर को जन आरोग्य केन्द्र, सीसीएल द्वारा राँची के पिस्का नगड़ी स्थित आदर्श वृद्धा आश्रम में एक निःशुल्क श्वसन तंत्र (रेस्पिरेटरी सिस्टम) जाँच शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 40 वृद्धों की जाँच की गयी और उन्हें चिकित्सीय सलाह एवं आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवा भी दी गई। आश्रम में विशेषकर हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, ईसीजी एवं हाइपरटेंशन का निःशुल्क जाँच किया गया। ज्ञात हो कि सीसीएल देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयला उत्पादन के साथ-साथ अपने कर्मियों एवं हितधारकों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए इस तरह का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन समय-समय पर करते रहती है। शिविर के सफल आयोजन में सीएमएस, सीसीएल, डॉ. रत्नेश जैन; सीएमओ, सीएसआर, डॉ. प्रीती तिग्गा; डॉ. मेजर शिल्पी; डॉ. रंजीत कुमार; डॉ. दीपक सिंह; डॉ. अनीता होरो; डॉ. रजनी कुजूर; डॉ. दीपाली; डॉ. सत्यप्रकाश रंजन; डॉ. शिल्पी झा; डॉ. प्रियंका झा एवं पारा मेडिकल स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## आचार संहिता लागू होते ही पुलिस एलर्ट मोड पर

साहिबगंज /बोरियो थाना क्षेत्र के तीनमुहानी चौक पर एसपी अमित कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता का अनुपालन करते हुए थाना प्रभारी पंकज वर्मा के नेतृत्व में दो पहिया एवं चार पहिया वाहन का जांच कर एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें वीआईपी वाहन से लेकर सभी छोटी बड़ी वाहनों की जांच की गई जांच के दौरान दो पहिया वाहन का डिक्की, बैग, हेलमेट, डाइविंग लायसेंस, बीमा सहित अन्य कागजात की बारीकी से जांच की गईं। वही चार पहिए वाहनों का डिक्की, सहित अन्य जरूरी दस्तावेज की जांच की गई।

## हिंगला नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का विस अध्यक्ष ने किया भूमि पूजन



**नाला (जामताड़ा)** -- पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को अपराह्न करीब एक बजे झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजनान्तर्गत सुन्दरबाड़ी और भंडारकोल के बीच हिंगला नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। विदित हो कि कार्यक्रम स्थल पर उनके आगमन होते ही कार्यक्रम आयोजक समिति तथा स्थानीय लोगों के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत रूप से शिलापट का अनावरण कर फीता काटकर तथा नारियल फोड़कर विधिवत रूप से पुल निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने कहा कि पुल निर्माण हो जाने से यहां के लोग आवागमन सुगमता पूर्वक कर सकेंगे। यहां के लोगों की मांग थी कि पुल निर्माण हो जाने से दुमका, कुंडहित जाने के लिए समय की बचत होगी। आज बहुत ही खुशी का दिन है सुन्दरबाड़ी गांव के लिए तथा आसपास के गांव के लोगों के लिए भी काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि अगले 3-4 महीने के अंदर पुल बनकर तैयार हो जाएगी। मालूम हो कि यह पुल लगभग 4 करोड़ की लागत से बनेगी।

## एसपी ने विधानसभा चुनाव को लेकर की बैठक



साहिबगंज पुलिस लाइन स्थित सीसीटीएनएस सभागार में मंगलवार को विधानसभा चुनाव को लेकर सभी थाना क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसपी अमित कुमार सिंह ने की। एसपी ने सर्वप्रथम सभी थाना क्षेत्रों में वारंटियों, आरोपियों की गिरफ्तारी व पेंडिंग केस की समीक्षा की। उन्होंने अब तक पकड़े नहीं गए आरोपियों व वारंटियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। वहीं एसपी ने चेकनाका सहित थाना इलाकों में वाहन जांच व उपलब्धि की समीक्षा करते हुए जांच जारी रखने का निर्देश दिया। नशे के कारोबारियों पर हुई कार्रवाई की भी समीक्षा की। एसपी ने ज़िले के सभी संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों की स्थित, सुरक्षा व्यवस्था, सुरक्षा बलों की आवश्यकता, उपलब्ध सुविधा की भी समीक्षा की। मौके पर डीएसपी, सभी एसडीपीओ, इंस्पेक्टर व थाना प्रभारी मौजूद थे।

# दूसरे चरण में 20 नवंबर को राजमहल, बोरियो व बरहेट में पड़ेंगे वोट, 23 को होगी मतगणना:डीसी



**संवाददाता**

**साहिबगंज।** समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को उपायुक्त हेमंत सती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही साहिबगंज जिला सहित राज्य भर में आदर्श आचार संहिता लागू हो गया है। उपायुक्त ने बताया कि ज़िले के राजमहल, बोरियो(एसटी आरक्षित) व बरहेट(एसटी) में विधानसभा चुनाव दूसरे चरण में होगा। इसकी अधिसूचना 22 अक्टूबर को जारी होगी। वहीं चुनाव आयोग के अनुसार प्रत्याशियों के नामांकन की आखिरी तारीख 29 अक्टूबर 2024 होगी। जबकि 30 अक्टूबर को स्क्रूटनी, व 1 नवंबर को नाम वापसी की आखिरी तारीख होगी। जबकि 20 नवंबर को मतदान होगा। मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। उन्होंने बताया कि राजमहल विस् के लिए निर्वाची पदाधिकारी एसडीओ राजमहल हैं। सभी चुनावी प्रक्रिया उनके कार्यालय में होगी। वहीं बोरियो विस् के निर्वाची पदाधिकारी सदर एसडीओ होंगे। उन कार्यालय में सभी चुनावी प्रक्रिया होगी। वहीं बरहेट के लिए निर्वाची पदाधिकारी अपर समाहर्ता होंगे। उनके कार्यालय में सभी चुनावी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। मौके पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, अपर समाहर्ता गौतम भगत, राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, आईटीडीए परियोजना निदेशक संजय कुमार दास, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू व अन्य मौजूद थे।**कहाँ कितने वोटर व बूथ**

उपायुक्त ने बताया कि राजमहल विधानसभा क्षेत्र में कुल 354408 मतदाता हैं। जबकि बोरियो विधानसभा क्षेत्र में कुल 283673 मतदाता एवं बरहेट विधानसभा क्षेत्र में कुल 225388 मतदाता हैं। जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 863469 है। राजमहल विस में कुल 383 बूथ, बोरियो में कुल 348 बूथ व बरहेट में कुल 277 बूथ सहित 728 भवनों में कुल 1008 बूथ हैं।

**पीडब्ल्यूडी व 85 वर्षीय वोटर्स**उन्होंने बताया कि ज़िले अब तक कुल 14638 दिव्यांग वोटर्स चिन्हित किये गए हैं। वहीं 85 वर्ष या इससे अधिक उम्र के 4673 वोटरों को चिन्हित किया गया है।

48 घंटे के अंदर सभी होर्डिंग, पोस्टर, झंडे, बैनर हटाने का निर्देश

आदर्श आचार संहिता लागू होते ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती के निर्देश पर जिला प्रशासन ने सभी सार्वजनिक स्थलों में लगे होर्डिंग्स, बैनर हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक कर आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए 48 घंटे के अंदर सभी होर्डिंग, पोस्टर, झंडे, बैनर हटाने का निर्देश दिया है। डीसी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का पालन नहीं करने वालों पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि निजी भवनों पर भी कोई राजनीतिक दल बिना मकान मालिक के अनुमति के झंडे बैनर नहीं लगा सकेंगे।

**सोशल मीडिया पर भी रहेगी नज़र** चुनाव आयोग की नजर सोशल मीडिया पर भी रहेगी, इसलिए कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर न करें। उपायुक्त ने बताया कि इसके अनुसार जिला के सोशल मीडिया सेल सभी सोशल मीडिया पर नजर रख रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर किसी भी प्रचार सामग्री के प्रकाशन या प्रचार संबंधी वीडियो बनाने से पहले जिला स्तरीय एमसीएमसी कमिटी से अनुमति लेना होगा।

**कोषांगों का किया गया गठन** विधानसभा आम चुनाव 2024 के सफल संचालन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती ने विभिन्न

## सरला बिरला विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ कॉमर्स द्वारा एक्सपर्ट टॉक का आयोजन



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ कॉमर्स द्वारा एक्सपर्ट टॉक का आयोजन सेबी के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि सेबी के सिक्योरिटी मार्केट ट्रेनर डॉ. सुजीत मुखर्जी ने वित्तीय बचत, निवेश, बैंक लोन, सिक्योरिटी मार्केट एवं म्यूचुअल फंड के विषय में उपस्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी। निवेश से जुड़ी समस्याओं और उसके निराकरण में सेबी की भूमिका की भी उन्होंने चर्चा की।एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने अपने संबोधन में निवेश में जागरूकता की जरूरत पर जोर दिया। साथ ही निवेश के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से जुड़े खतरों के प्रति आगाह किया। आज के दौर में वित्तीय घोटालों और उसके मकड़जाल में उलझती नई पीढ़ी को उन्होंने इसे निपटने के लिए वित्तीय साक्षरता की जरूरत बताई।कार्यक्रम में फैकल्टी ऑफ़ कॉमर्स के डीन डॉ. संदीप कुमार ने सेबी के विषय में उपस्थित श्रोताओं का परिचय करवाते हुए ऐसे आयोजनों की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों की जानकारी के लिए बेहतर करार दिया।कार्यक्रम में स्वागत भाषण करण प्रताप सिंह और धन्यवाद भाषण डॉ. कुणाल सिन्हा ने दिया। इस अवसर पर डॉ.अरविंद भंडारी, डॉ. एल. जी. हनी सिंह, डॉ.अतुल करण, डॉ मुकेश कुमार सिंह, डॉ. अंजली श्रीवास्तव इत्यादि उपस्थित रहे।विवि के प्रतिकुलाधिपति माननीय श्री बिजय कुमार दलान और माननीय डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

## डॉक्टरों की मनमानी ड्यूटी के दौरान ओपीडी छोड़कर जाने के मामले में तीन डॉक्टर को शो कॉज का निर्देश

**साहिबगंज।** सदर अस्पताल में मंगलवार को ओपीडी से नदारद पाए जाने के मामले में तीन डॉक्टर को शो कॉज का निर्देश दिया गया है। यह जानकारी प्रशासनिक डीएस डॉ. मुकेश कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि करीब 12ः35 बजे डॉ. तबरेज आलम, डॉ. शाहबाज़ आलम व डॉ. सचिन कुमार ओपीडी नए डॉक्टर पर छोड़कर बिना किसी सूचना दिए सीएस कार्यालय चले गए। जबकि ओपीडी में मरीजो की काफी भीड़ थी। इस दौरान इलाज में विलंब होने पर मरीजो ने हंगामा भी किया है। वही प्रशासनिक डीएस ने बताया कि ड्यूटी के दौरान किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। ड्यूटी से नदारद पाए जाने पर डॉक्टर या कर्मी पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## नाला इंटर कॉलेज में फोर्स ठहराव को लेकर जामताड़ा मेजर सर्जेंट तथा सर्जेंट ने किया निरीक्षण

नाला (जामताड़ा)-- आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक जामताड़ा के निर्देश के आलोक में नाला इंटर कॉलेज में फोर्स ठहराव को लेकर सर्जेंट मेजर जामताड़ा अजीत कुमार चौबे तथा सर्जेंट किशोर कुमार के द्वारा नाला इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया गया।इस दौरान उन्होंने विभिन्न पहलुओं का अवलोकन किया इस क्रम में बिजली,पानी, शौचालय, इंटरनेट कनेक्शन आदि आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर सर्जेंट मेजर जामताड़ा अजीत कुमार चौबे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर नाला इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि एरिया डोमिनेशन के लिए जो फोर्स आएंगे फोर्स के आवासन ठहराव को लेकर पानी,लाइट, शौचालय ठीक है या नहीं इन सबकी सुविधा है या नहीं सबकी जांच की गई। मौके पर नाला थाना के एएसआई संजय गहलोत आदि मौजूद थे।

## हाइवा की चपेट में आने से वृद्ध की मौत, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



साहिबगंज। जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के लोहंडा स्थित प्रेम नगर में मंगलवार की सुबह करीब साढ़े पांच बजे तेज रफ्तार में आते हाइवा ने एक साइकल सवार वृद्ध को टक्कर मार दिया। इसमे साइकल सवार वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक चैती दुर्गा सकरोगढ़ के रहने वाले योगेंद्र रविदास (67) था। वही मृतक का बड़ा पुत्र मनीष रविदास ने बताया कि उसका पिता रोज की तरह सुबह पूजा के लिए लोहंडा से फूल लाया करता था। आज भी वे फूल लाने के लिए गया था। उधर से लौटने के दौरान सामने से हाइवा ने टक्कर मार दिया। इसमे मृतक के सिर पर गंभीर चोट लगी है। इधर आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क को बांस-बल्ला व टायर जलाकर जाम कर दिया है। इस दौरान आवागमन पूरी बाधित रहा है। आने जाने में लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इधर पदाधिकारी समेत जिरवाबड़ी पुलिस घटना स्थल पर पहुच ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास में जुटे है। हालांकि खबर लिखे जाने तक सड़क जाम कर ग्रामीण मुआवजे की मांग कर रहे है। वही पुलिस हाइवा समेत चालक व खलासी को पकड़ कर थाना ले आई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## राष्ट्रीय महिला किसान दिवस के अवसर पर किसान गोष्ठी का किया गया आयोजन




साहिबगंज /बोरियो प्रखंड कार्यालय के सभागार में राष्ट्रीय महिला किसान दिवस के अवसर पर प्रखंड प्रमुख शांति बास्की के अध्यक्षता में महिला किसानों के साथ किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीटीएम राज देव के द्वारा मंगरूटीकर, मंझवई, तेलों, मठियो, चपगामा और खैरवा के 144 महिला किसानों ने भाग लिया। राष्ट्रीय महिला किसान दिवस भारत में महिला किसानों के योगदान को मान्यता देने और उन्हें सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। महिला किसानों द्वारा खेती में किए जा रहे अथक प्रयासों को उजागर करता है और उन्हें समाज में एक सम्मानजनक स्थान दिलाने का प्रयास करता है। इस कार्यक्रम में सरकार द्वारा संचालित योजना जैसे किसान समृद्धि योजना, झारखण्ड मिलेट मिशन, पीएम किसान योजना, झारखंड कृषि ऋण माफ़ी योजना, बीज उपचार, और मिटटी जांच करने के तरीके पर विस्तृत जानकारी दी गई।

## रक्सी स्थान में मोबाइल से वीडियो बनाने के क्रम में पत्थर पर गिरने से एक व्यक्ति घायल

मंड्रो,साहिबगंज।मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के तेलिया गढ़ी स्थित वन देवी रक्सी माँ स्थान पूजा परिसर में शराब के नशे में धूत बिहार के भागलपुर निवासी विक्की पासवान के द्वारा मंगलवार को मां की बलि दिये जाने वाले स्थान पर मोबाइल से विडियो बनाने के क्रम में पत्थर पर गिर जाने से शिर फट गया।जिसके कारण उसका काफी खून बह गया।वहीं बेहोश हो गया।साथ में आए परिजन व साथियों के द्वारा बेहोशी के हालात में मिर्जाचौकी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।जिसे प्राथमिक इलाज कर बेहतर ईलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया। जानकारी हो,कि रक्सी स्थान में मंगलवार एवं शनिवार को मनोकामना पूर्ण होने पर बलि देने श्रधालु यहां बिहार,पश्चिम बंगाल व नेपाल के लोग यहां आते हैं,चढ़ावा कर प्रसाद ग्रहण करते हैं।इस दौरान वहाँ शराब भी लोग पीते हैं।जिसके कारण हमेशा कुछ-न-कुछ घटनाएं होते रहती है।इधर घटना में कमी आई है।चूंकि स्थानीय पुलिस मंगलवार एवं शनिवार को पूजा परिसर में तैनात रहती है।

# 20 नवम्बर को तीनों विधानसभा क्षेत्र में होगा मतदान ,23 नवम्बर को रिजल्टः डीसी




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़।भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा कर दी है। इसके अनुसार 04 लिट्टीपाड़ा 05 पाकुड़, 06 महेशपुर के द्वितीय चरण में 20 नवम्बर 2024 को मतदान होना है। प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी देते हुए उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार बताया कि चुनाव की अधिसूचना 22-10-2024 को, नामांकन की अंतिम तिथि 29-10-2024 को, नामांकन प्रपत्रों की स्क्रूटनी 30-10-2024 को, नाम वापसी की अंतिम तिथि 01-11-2024 को, मतदान की तिथि 20-11-2024 को, मतगणना की तिथि 23-11-2024 को निर्धारित की गई है। जिलें में कुल 1014 बूथ पाकुड़ जिला में कुल 813 मतदान केन्द्र हैं। इसके अलावा 04-लिट्टीपाड़ा (अ0ज0जा0) विधान सभा क्षेत्र में दुमका जिला का गोपीकान्दर प्रखण्ड का 40 मतदान केन्द्र और 05-पाकुड़ विधान सभा क्षेत्र साहेबगंज जिला का बरहरवा प्रखण्ड का 161 मतदान केन्द्र के लिए भी पाकुड़ जिला से ही ईवीएम सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी, मतदान दल, मतदान सामग्री आदि उपलब्ध कराया जाएगा। इस प्रकार लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदान केंद्र 272, पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदान केंद्र 434 एवं महेशपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदान केंद्र 308 है।

**जिलें में कुल मतदाताओं की संख्या 845099**जिलें में कुल मतदाताओं की संख्या 845099 है। जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या तीन विधानसभा क्षेत्र में 414129 है। जबकि महिलाओं की संख्या कुल 430966 है। वहीं, दिव्यांग मतदाताओं की कुल संख्या 13,876 है।

वहीं, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने विभिन्न कोषांगों द्वारा की गई अब तक की कार्रवाई को विस्तार से बताया। कहा कि तीनों विधानसभा के कुल 1014 मतदान केंद्रों के लिए 4868 (20 प्रतिशत सुरक्षित सहित) मतदान कर्मी की आवश्यकता होगी। इनको पीठासीन पदाधिकारी क्क1,क्क2, क्क3 बनाया जाएगा। साथ ही 1200 एवं 1200 से अधिक मतदाता वाले मतदान केंद्र में एक अतिरिक्त क्क2 लगाये जाएंगे।निर्वाचन कार्य के सुचारू रूप से संचालित करने के लिए कुल 12 कोषांग का गठन किया गया है। साथ ही कहा कि पाकुड़ जिला में स्वंतत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। आयोग के निर्देशानुसार मतदान केंद्र पर पुलिस बल की व्यवस्था होगी और वेबकास्टिंग भी किया जाएगा। आज से आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गयी है। उक्त संहिता सरकार, सरकारी कर्मी और राजनीतिक दल एवं सभी प्रत्याशी पर समान रूप से लागू है। जिला प्रशासन इसका अनुपालन कराना सुनिश्चित करेगी। इसके लिए अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में आदर्श आचार संहिता कोषांग बनाया गया है।

निर्वाचन व्यय को नियंत्रित करने हेतु उपाय निर्वाचन व्यय को उसकी अधिक सीमा में रखने और मतदान प्रक्रिया को दुष्प्रभावित होने से रोकने के लिए जिला प्रशासन पूर्ण कड़ाई करने जा रही है। उक्त हेतु प्रत्येक विधानसभा के लिए तीन-तीन फ्लाइंग स्क्वाड बनाए गए हैं। 16 जगह पर 24म7 जांच टीम बनाई गई है जहां जिला में प्रवेश करने पर गहन जांच होगी। इसमें से अंतर्राज्यीय बॉर्डर चेकपोस्ट आठ है तथा अंतरजिला चेकपोस्ट आठ है।

**24 घंटे में हटेंगे सभी बनैर व होर्डिंग**

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि जितने भी सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के बैनर व होर्डिंग विभिन्न स्कूलों बाजारों, पंचायत व प्रखंड कार्यालयों से हट जाएंगे। उपायुक्त ने बताया कि विगत लोकसभा चुनाव 2024 में पाकुड़ जिला में कुल 74.09 प्रतिशत पड़े थे। इस बार मतदान प्रतिशत में वृद्धि हेतु मतदाता जागरूकता संबंधी काफी कार्यक्रम किये जा रहे हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र पर चुनावी पाठशाला का गठन किया गया है, कॉलेज/ महाविद्यालयों में ईएलसी का गठन किया गया है। विभिन्न संस्थाओं/ प्रतिष्ठानों में वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन किया गया है। प्रत्येक मैदान केदो में आम जनमानस में जागरूकता हेतु बूथ स्तरीय जागरूकता समूह का गठन कर दिया गया है। मतदाता जागरूकता में आपकी सहभागिता भी आवश्यक है।

इस दौरानपुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि पिछले चुनाव की तरह इस बार भी शांतिपूर्ण चुनाव कराने में मीडिया का सहयोग अपेक्षित है।जिले में कुल 1014 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, वहां पर सुरक्षा बल को तैनात किया जाएगा। इसके अलावा संवेदनशील बूथों पर भी पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बल के जवान रहेंगे। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त होकर मतदान कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उपलब्धता के अनुरूप सुरक्षा बलों को बूथों पर तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव में बाधा उत्पन्न करने वाले आसामाजिक तत्वों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## आपसी विवाद में साले ने जीजा को रड से मारकर किया घायल

**साहिबगंज।** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटा लोहंडा में आपसी विवाद में दो साले ने अपने जीजा को लाठी डंडा व रोड से मारकर किया घायल, बताया जा रहा है कि छोटा लोहंडा निवासी महगु मुंडा के पुत्र परदेसी मुंडा 36 वर्षीय अपने साले दिलीप मुंडा व सुनील मुंडा से मजाक कर रहा था. इस बात पर गुस्से में आकर दिलीप मुंडा व सुनील मुंडा ने अपने जीजा परदेसी मुंडा को लाठी डंडा व रोड से मारपीट कर घायल कर दिया इधर घायल को सदर अस्पताल लाया गया अस्पताल में चिकित्सक मुकेश कुमार व प्रशांत कुमार घायल के इलाज में जुट गए. इधर पुलिस मामले की जांच में जुटे 7

## गुप्त सूचना के आधार पर एक अपराधी को पुलिस ने धर दबोचा

साहिबगंजः मुफ़स्सिल थाना पुलिस ने मारपीट के मामले में दर्ज थाना कांड संख्या 62/24 के प्राथमिकी आरोपी महादेवगंज निवासी राजकुमार यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि राज कुमार फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया है।

## डा0 रामजन्म मिश्र अभिनंदन ग्रंथ के आवरण पृष्ठ का हुआ लोकार्पण




साहिबगंज /सारस्वत साधना के सात्विक साधक डॉ रामजन्म मिश्र अभिनंदन ग्रंथ के आवरण पृष्ठ का लोकार्पण एनआरपी सेंटर के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ वसंत कुमार गुप्ता ,प्रधानाचार्य बीएसके कॉलेज ने किया। विशिष्ट अतिथि ऋषि कुमार गुप्ता ॠषि मिशन विद्यालय के निदेशक थे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉक्टर वसंत कुमार ने कहा कि रामजन्म मिश्र जी ने का व्यक्तित्व साहित्य के आकाश में इंद्रधनुष जैसा है जो आकाश के साथ धरा को अपने विभिन्न आयामों से सुसज्जित और संरक्षित कर रहा है। साहित्य कला संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन में डॉक्टर रामजन्म मिश्र का योगदान मिल का पत्थर साबित होगा।साहित्य का यह कालखंड डॉ रामजन्म मिश्र के नाम से जाना जाएगा। डॉ मिश्र ने नये रचनाकारो को प्रोत्साहित और उत्साहित किया है । कार्यक्रम में महिला महाविद्यालय के प्राचार्य ध्रुव ज्योति सिंह, पूर्व शिक्षिका गीता पांडे, साहित्यकार विजय कुमार भारती, जीछु यादव,आचार्य शिवकुमार यादव, सत्यजीत कृष्ण, पूर्व उपाध्यक्ष नगर परिषद अनवार अली, सामाजिक कार्यकर्ता शिवप्रसाद ठाकुर, पूर्व प्रधान सहायक भरत यादव यादव प्रधानाध्यापक मनोज राय, संध्या महाविद्यालय के प्राचार्य शंभु नाथ पाठक, प्रोफेसर मोतीलाल शाह वार्ड पार्षद उपेंद्र राय ,राजेश कुमार ताती, पूर्व वार्ड पार्षद संतोष कुमार सिंह ,शिक्षक मनोहर शर्मा अधिवक्ता नीरज रामेश्वरम वरीय कांग्रेसी नेता बासुकीनाथ यादव, मोहम्मद कलामुद्दीन सरिता मिश्रा, चैतन्य आनंद, शिवबालक झा हेमंत कुमार तॉती, ने मुख्य रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन झारखंड राजभाषा साहित्य अकादमी के सचिन सच्चिदानंद ने किया वही धन्यवाद ज्ञापन एनआर केंद्र विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार झा ने किया कार्यक्रम के सफल संचालन में गौरव रामेश्वरम, प्रमोद आनंद , अमृत प्रकाश, सक्रिय सहयोग किया

संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .......

16 अक्टूबर 2024, बुधवार

मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 07, अंक - 24

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

### टाटा समूह पांच वर्षों में 5 लाख नौकरियों का करेगा सृजन : एन.चंद्रशेखरन



**नई दिल्ली ।** टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने मंगलवार को कहा कि समूह अगले पांच वर्षों में सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), बैटरी और संबंधित उद्योगों से जुड़े विनिर्माण क्षेत्र में 5 लाख नौकरियों का सृजन करेगा। चंद्रशेखरन ने इंडियन फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट की यहां आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए यह बात कही।

## विधानसभा चुनाव की हुई घोषणा, राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू

# झारखंड में 13 और 20 नवंबर को दो चरण में होंगे चुनाव, मतगणना 23 नवंबर को

## चुनाव के दौरान मनी पॉवर, मसल पॉवर, मिस इनफॉर्मेशन एवं एमसीसी पर रखे विशेष ध्यान : के. रवि कुमार

- स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव प्राथमिकता : सीईओ
- संताल परगना में दूसरे चरण में होगा मतदान

संवाददाता

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। इसी के साथ 15 अक्टूबर 2024 की शाम साढ़े तीन बजे से झारखंड में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड श्री के. रवि कुमार ने बताया है कि चुनाव 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में होंगे। मतगणना 23 नवंबर को होगी। पहले चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना 18 और दूसरे चरण की 22 अक्टूबर को जारी होगी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करेगा। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव हमारी प्राथमिकता होगी। शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाना भी हमारी प्रथमिकता सूची में है। वह मंगलवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में मीडिया से मुखातिब थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पहले चरण में 43 विधानसभा क्षेत्रों में तथा दूसरे चरण में 38 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होंगे। पहले चरण के लिए नामांकन 25 अक्टूबर तक और दूसरे चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर होगी। पहले चरण के नामांकनों की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर और दूसरे चरण की स्क्रूटनी 30 अक्टूबर को होगी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के चुनाव को लेकर नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर और दूसरे चरण के लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि 01 नवंबर है। पूरी चुनावी प्रक्रिया 25 नवंबर को समाप्त हो जाएगी।



पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि मतदाताओं को मतदान को लेकर कोई असुविधा नहीं हो, इसे लेकर व्यापक तैयारी की गयी है। चुनाव कर्मियों को इसे लेकर प्रशिक्षित भी किया गया है। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं का इंतजार कम हो, इसकी भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग एक एप्प भी जारी करेगा, जिसके माध्यम से मतदाता मतदान केंद्रों की स्थिति, मसलन मतदान केंद्र पर कितने लोग मतदान के लिए कतार में हैं, यह जानकारी घर बैठे ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह एप्प बुजुर्ग मतदाताओं के लिए काफी लाभदायक होगा।

वहीं 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं को घर से मतदान की भी सुविधा रहेगी। इसके लिए उन्हें फार्म 12 डी भरना होगा। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार में उम्मीदवार अधिकतम 40 लाख रुपये तक खर्च कर सकते हैं।

पत्रकार वार्ता में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा और संदीप सिंह भी मौजूद थे।

**कुल 81 सीटों पर होंगे चुनाव**

झारखंड में 81 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। इसमें सामान्य 44, एसटी 28 और एससी 9 सीटें हैं। झारखंड विधानसभा चुनाव में 2.6 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इसमें 1.29 करोड़ महिला और 1.31 करोड़ पुरुष मतदाता हैं। पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या 11.84 लाख है। झारखंड में 20281 क्षेत्रों में 29562 पोलिंग स्टेशन बनेंगे। शहरी क्षेत्रों में 5042 और ग्रामीण क्षेत्रों में 24520 मतदान केंद्र होंगे

### पहले चरण की सीटें

कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया, चतरा, बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, ईचागढ़, सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसांवा, तमाड़, तोरपा, खूंटी, रांची, हटिया, कांके, मांडर, सिसई, गुमला, विशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा, मनिका, लातेहार, पांकी, डालटेनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा, भवनाथपुर।

### दूसरे चरण की सीटें

राजमहल, बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़, महेशपुर, शिकारीपाड़ा, नाला, जामताड़ा, दुमका, जामा, जरमुंडी, मधुपुर, सारठ, देवघर, पौड़ेयाहाट, गोड्डा, महगामा, रामगढ़, मांडू, धनवार, बगोदर, जमुआ, गांडेय, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, बेरमो, बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी, बाघमारा, सिल्ली व खिजरी।

### महाराष्ट्र में एक और झारखंड में दो चरणों में मतदान, 23 नवंबर को आयेंगे नतीजे

**नई दिल्ली ।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को दो राज्यों महाराष्ट्र एवं झारखंड विधानसभा के लिए चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा की। महाराष्ट्र की 288 सीटों के लिए एक चरण में 20 नवंबर और झारखंड की 81 सीटों के लिए दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा। इसके अलावा आयोग ने 48 विधानसभा और दो लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की भी घोषणा की है। सभी के नतीजे 23 नवंबर को आयेंगे। महाराष्ट्र में 288 सीटों में से 234 सामान्य, 25 अनुसूचित जनजाति और 29 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। महाराष्ट्र में कुल 9.63 करोड़ मतदाता हैं जिनमें से 20.93 लाख मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। आयोग ने राज्य विधानसभा के लिए 52,789 स्थानों पर एक लाख से अधिक मतदान केंद्र बनाए हैं।

### संक्षिप्त खबरें

**रांची के नए डीसी वरुण रंजन ने पदभार संभाला**

**रांची ।** चुनाव आयोग की आपत्ति के बाद आखिरकार रांची डीसी को बदल दिया गया है। वरुण रंजन रांची के नए डीसी बनाये गये हैं। रांची के नये डीसी वरुण रंजन ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से पदभार लिया। वरुण रंजन 2014 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

**लैंड फॉर जॉब घोटाले मामले में सुनवाई 7 नवंबर को**

**नई दिल्ली ।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब घोटाले से जुड़े सीबीआई मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव समेत दूसरे आरोपितों के खिलाफ दर्ज मामले की सुनवाई टाल दिया है। स्पेशल जज विशाल गोगने के उपलब्ध नहीं होने की वजह से सुनवाई टली है। मामले की अगली सुनवाई 7 नवंबर को होगी।

**सुप्रीम कोर्ट के बाहर जस्टिस क्लॉक लगी**


**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट के बाहर जस्टिस क्लॉक लगाई गई है, जिसमें यह दिखेगा कि कितने मामले लंबित हैं और कितने पुराने हैं। कितने मामले दायर हुए और कितने का निपटारा हुआ। सुप्रीम कोर्ट में आज 35 नई याचिकाएं दाखिल हुईं। पिछले हफ्ते 667 मामले दायर हुए थे जबकि एक भी मामले का निपटारा नहीं हुआ था। पिछले हफ्ते दशहरे की छुट्टियां थीं।

## एग्जिट पोल पर नजर रखने वाली संस्थाओं पर होनी चाहिए सख्त कार्रवाई : मुख्य चुनाव आयुक्त

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि एग्जिट पोल के मामले में आयोग के हाथ बंधे हुए हैं। लेकिन, इस पर आत्मचिंतन की जरूरत है। एग्जिट पोल पर नजर रखने वाली संस्थाओं को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

हरियाणा में 5 अक्टूबर को विधानसभा के चुनाव हुए थे। करीब-करीब सभी एग्जिट पोल ने अपने नतीजों में कांग्रेस को बंपर बहुमत मिलता दिखाया था। लेकिन 8 अक्टूबर को नतीजे एग्जिट पोल से बिल्कुल उलट आए। हरियाणा में भाजपा ने बहुमत हासिल किया। ऐसे में एग्जिट पोल की विश्वसनीयता को लेकर सवाल खड़े होने लगे।



एग्जिट पोल सर्वे को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, एग्जिट पोल पर आत्मचिंतन की जरूरत है। एग्जिट पोल के सर्वे का साइज क्या है? इसपर बात होनी चाहिए। रिजल्ट अगर गलत आता है, तो इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। इस पर नजर रखने वाली संस्थाएं हैं। सख्त कार्रवाई की जरूरत है। मुझे उम्मीद है कि यह संस्थाएं इस पर काम करेंगी।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया, आमतौर पर पोलिंग खत्म होने के तीसरे दिन काउंटिंग होती है। वोटिंग पूरी होने पर शाम 6 बजे के बाद एग्जिट पोल के जरिए किसकी सरकार बनने जा रही है, इसे लेकर एक उम्मीद जगा दी जाती है। लोगों को लगता है कि यही होने वाला है। हालांकि, एग्जिट पोल का कोई साइंटिफिक बेस नहीं है। वोटों की काउंटिंग का समय 8 बजे शुरू होता है। शुरुआत में पोस्टल बैलेट गिने जाते हैं। लेकिन चैनलों पर 8 बजकर 5 मिनट से ही रिजल्ट आने लगते हैं। यह बिल्कुल बकवास है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने साफ किया, वोटों की पहले राउंड की काउंटिंग सुबह 8:30 बजे शुरू होती है। लेकिन हमारे पास सबूत हैं कि चैनलों पर 8:15 पर ही लीड बताई जाने लगती है। चुनाव आयोग पहले राउंड की वोटिंग का ट्रेंड सुबह 9:30 बजे वेबसाइट पर डालता है। वास्तविक नतीजे जब ट्रेंड से मेल नहीं खाते, तो बात गंभीर हो जाती है। इस मामले में बेशक हमारे हाथ बंधे हैं, लेकिन हमें सेल्फ करेक्शन की उम्मीद है।

## भारत में 4 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी के चलते अफरा-तफरी का माहौल

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** मंगलवार को देश के चार विमानों को बम से उड़ाने की धमकी के बाद हड़कंप मच गया . सुरक्षा एजेंसियां हरकत में आ गई . विमानों को नजदीकी एयरपोर्ट पर उतारा जा गया और उसके बाद गहन जांच की गयी. हालाँकि यह कोरी अफवाह निकली। इन विमानों में एअर इंडिया, स्पाइसजेट, इंडिगो और अकासा के विमान शामिल थे . साथ ही सुरक्षा एजेंसियों ने विमानों की धमकी देने वालों का पता लगाने के लिए भी कोशिश तेज कर दी है. साथ ही एहतियात के लिए कदम उठाए जा रहे हैं. दिल्ली से शिकागो जा रहे एअर इंडिया के एक विमान को मंगलवार को बम की धमकी के बाद कनाडा के एक एयरपोर्ट की की ओर मोड़ दिया गया. एअरलाइन ने एक बयान में कहा कि 15 अक्टूबर 2024 को दिल्ली से शिकागो जा रहे विमान एआई 127 को ऑनलाइन पोस्ट की गई सुरक्षा धमकी के बाद एहतियात के तौर पर कनाडा के इकालुइट एयरपोर्ट पर उतारा गया.



बयान में कहा गया, ''निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार विमान और यात्रियों की फिर से जांच की गयी. एअर इंडिया ने यात्रियों की यात्रा फिर से शुरू होने तक उनकी सहायता के लिए हवाई अड्डे पर एजेंसियों को सक्रिय कर दिया गया.

अधिकारियों के मुताबिक, दमाम से लखनऊ जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट को बम की धमकी मिलने के बाद जयपुर डायवर्ट किया गया. बम की धमकी के बाद फ्लाइट की आपात लैंडिंग कराई गई है. इसके बाद विमान को अलग रखा गया और इसकी गहन जांच की गयी.

## वायनाड से चुनाव लड़ेंगी प्रियंका गांधी, कांग्रेस ने बनाया प्रत्याशी

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** प्रियंका गांधी केरल की वायनाड लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस पार्टी ने प्रियंका को प्रत्याशी बनाने की औपचारिक घोषणा कर दी है। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने प्रियंका को प्रत्याशी बनाए जाने का एलान किया। बता दें कि प्रियंका खुद भी वायनाड से पार्टी का प्रतिनिधित्व करने को लेकर हामी भर चुकी हैं। विगत जून महीने में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे की घोषणा के बाद प्रियंका ने कहा था कि यहां से चुनाव लड़ना उनका सौभाग्य होगा। सियासत में पांच साल से सक्रिय हैं, संसदीय चुनाव पहली बार लड़ेंगी वायनाड से निर्वाचित होने पर प्रियंका पहली बार किसी सदन की सदस्य बनेंगी।



## कांग्रेस ने तारिक अनवर सहित तीन पर्यवेक्षक नियुक्त किए



संवाददाता

**रांची ।** झारखंड में विधानसभा चुनाव का ऐलान होते ही कांग्रेस सक्रिय हो गयी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को विधानसभा चुनाव को देखते हुए तीन वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इनमें कांग्रेस सांसद तारिक अनवर, पूर्व सांसद अधीर रंजन चौधरी और तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्का मालू शामिल हैं। झारखंड विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग के साथ-साथ उम्मीदवारों के चयन और प्रचार में इनकी अहम भूमिका होगी।

**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष 18 को चुनाव समिति के साथ करेंगे बैठक**

**रांची ।** प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति के चेयरमैन और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने 18 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे से कांग्रेस भवन में रांची में चुनाव समिति के सदस्यों के साथ एक आवश्यक बैठक करेंगे। इस संबंध में मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में 31 सदस्य और एक्स ऑफिशियो मेंबर भाग लेंगे। बैठक में कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव सहित मनोनीत प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति के सभी सदस्यगण शामिल रहेंगे। बैठक में आसन्न झारखंड विधानसभा चुनाव में शामिल होने वाले कांग्रेस आवेदक उम्मीदवारों पर विचार-विमर्श कर आलाकमान को समर्पित किया जाएगा।

## यूजिक थेरेपी ते होय दाड़ेयाक्आ, जानवारको रान-मुरगा़न

खोबोरिया

**अहमदाबाद ।** गुजरात रेयाक् नडियाद रे माल-जालकोवाक् रान-मुरगा़न दो यूजिक थेरेपी ते होयोक् काना। नोआ रेयाक् आ़डी मोंज कुड़ाई ञेलो़गो़क् काना। नडियाद रेन नरेश ठक्कर आर उनी रेन कोड़ा करण ठक्कर दो़ तिरिया़ रेयाक् लिठुर आड़ाङ ते 1 लाख खो़न हो़ जा़सती लोरावाकान गा़य मोंजको रेयाक्ए दा़बीयेत् काना। चालावेन आयमा बो़छो़र खो़न गे उनी गा़य दो़हो़ जायगा रे चालाव कातेक् तिरिया़ रेयाक् लिठुर आड़ाङ ओ़रो़ङ ते आजार आकान गा़य मोंजको ला़गित् ते सेरेञ रेयाक्ए गो़ड़ो़ हो़य हातावेत् काना। उनी दो़ नित तिरिया़ रेयाक् लिठुर आड़ाङ रेयाक् ऑडियो रिकॉर्डिंगए सापड़ाव आकादा। नोआ ऑडियो दो़ गा़य आ़क्सुलको फ्री तेय एमावाको काना।नरेश शक्कर दो़य मेनेत् काना जे 'जुदा़-जुदा़ आजार हिसा़ब ते, जुदा़-जुदा़ सो़मो़य बांधावाकाना, जुदा़-जुदा़ राहा उनी दो़यसापड़ावेत् काना। पे रो़को़म लेकानाक् सेरेञ थेरेपी उनी दो़य बेवहारेत् काना।

### झारखंड में बज गई चुनावी दुदुंभि

## अब सीट शेयरिंग व उम्मीदवारों पर होंगी नजरें

चंदन मिश्र

झारखंड विधानसभा के चुनाव की घोषणा होते ही सूबे के राजनीतिक दलों की चतुरंगी सेना अब तैयार होंगी। सत्ता पक्ष और विपक्षी गठबंधन दलों की सीट शेयरिंग और उम्मीदवारों पर सबकी नजर रहेंगी। कौन दल कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगा, कहां से कौन उम्मीदवार होगा, उसे लेकर सबकी उत्सकुता रहेगी। विपक्षी एनडीए गठबंधन दल इस मामले में बाजी मार लेगा, क्योंकि उसकी शीट शेयरिंग और उम्मीदवारों के नाम लगभग तय हैं। इसकी घोषणा अगले चौबीस से 48 घंटे के अंदर हो जाएगी। भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ पिछले कई दिनों से लगातार बातचीत करती रही है। शीट शेयरिंग पर भी बात लगभग फाइनल हो चुकी है। उधर सत्तारूढ़ दल की ओर से झामुमो नेतृत्व कर रहा है। कांग्रेस, राजद और वामदलों के साथ झामुमो बातचीत कर इसे अंतिम रूप देगा।

**भाजपा पिछली गलती नहीं दोहराएगी**

भाजपा ने 2019 के विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी से सीट शेयरिंग नहीं किया था, जिसका खामियाजा भाजपा और आजसू पार्टी, दोनों को भुगतना पड़ा। लेकिन इस बार भाजपा फूंक फूंक कर कदम उठा रही है। इस बार भाजपा आजसू पार्टी के साथ साथ जदयू और रालोजपा के साथ भी सीटों का समझौता कर रही है। पिछली बार भाजपा को 33.4 प्रतिशत वोट मिले थे जबकि आजसू पार्टी को 8.1 प्रतिशत वोट हासिल हुए थे। लेकिन सीटों के मामले में दोनों पिछड़ गए थे। भाजपा को 25 तथा आजसू पार्टी को केवल दो सीटें मिलीं थी।

**महागठबंधन को मिलीं थी ज्यादा सीटें**

महागठबंधन को 35 फीसदी वोट पिछले चुनाव में महागठबंधन को 35.3 प्रतिशत वोट मिले थे। इसमें झामुमो और कांग्रेस को 46 सीटें मिलीं थीं। झाविमो को तीन, आजसू को दो, भाकपा माले को एक, राजद को एक अन्य दलों निर्दलीयों को सात सीटें मिलीं थीं।

इस बार चुनावी और राजनीतिक समीकरण बदल चुका है। इस बार कांग्रेस और झामुमो की लड़ने वाली सीटों की संख्या बदलेंगी। झामुमो ज्यादा सीटों पर लड़ेगा। कांग्रेस की सीटें घटाकर ये सीटें भाकपा माले और राजद को दिए जाएंगे।

## सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई से कोलकाता रेप केस की जांच की स्टेटस रिपोर्ट तीन हफ्ते में मांगी

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने आरजी कर अस्पताल में डॉक्टर से रेप और हत्या के मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि सीबीआई मेडिकल कॉलेज में वित्तीय अनियमितता की भी जांच कर रही है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने सीबीआई को निर्देश दिया कि वो रेप और वित्तीय अनियमितता के दोनों पहलुओं की जांच को लेकर तीन हफ्ते में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करे।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरो की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नेशनल टास्क फोर्स को अपने काम में तेज़ी लाने को कहा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि नेशनल टास्क फोर्स की आखिरी मीटिंग करीब एक महीने पहले 9 सितंबर को हुई थी। चीफ जस्टिस ने इस सवाल उठाते हुए कहा कि इस दरम्यान एक महीने से ज़्यादा के वक़्त में कोई मीटिंग क्यों नहीं हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र सुनिश्चित करें कि नेशनल टास्क फोर्स का काम एक तय समय सीमा में पूरा हो सके। नेशनल टास्क फोर्स की मीटिंग नियमित अंतराल पर होती रहनी चाहिए। सभी सब-ग्रुप की भी नियमित मीटिंग करनी चाहिए। ये पूरी कवायद तीन हफ्ते में पूरी हो जानी चाहिए। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने बताया कि इस मामले में आरोपी संजय राय के खिलाफ चार्जशीट 7 अक्टूबर को दाखिल कर दी है।



# दूसरे चरण में 20 नवंबर को होगा देवघर, सारठ एवं मधुपुर विधानसभा का चुनाव : डीसी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी विशाल सागर एवं एसपी अजीत पीटर डुंगडुग की अध्यक्षता में विधानसभा आम चुनाव, 2024 को लेकर आज 15 अक्टूबर को समाहरणालय के सभागार में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रेसवार्ता के माध्यम से आप सभी मीडिया बंधुओं के साथ सभी मतदाताओं को निर्वाचन से जुड़ी जानकारियों से अवगत कराना है। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी द्वारा जानकारी दी गयी कि दूसरे चरण के तहत देवघर जिला अन्तर्गत देवघर, सारठ एवं मधुपुर विधानसभा अन्तर्गत मतदान सुनिश्चित किया गया है। आगे उन्होंने कहा कि दिनांक-22 अक्टूबर को गैजेट नोटिफिकेशन की तारीख तय की गयी, नामांकण की तिथि 29.10.2024 निर्धारित की गयी है, स्क्रूटनी ऑफ नोमिनेशन की तिथि 30.10.2024, नाम वापसी की अंतिम तिथि 01.11.2024 तय गयी है, मतदान की तिथि-23.11.2024




निर्धारित की गयी है। इसके अलावा मतगणना की तिथि 23.11.2024 निर्धारित की गयी है एवं चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति की तिथि 25.11.2024 निर्धारित की गयी है।

इसके अलावे प्रेसवार्ता के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी विशाल सागर द्वारा जानकारी दी गयी कि जिला अन्तर्गत विधानसभा आम चुनाव में लगभग 1120613 मतदाता हैं, जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है। इसके अलावे मधुपुर विधानसभा अन्तर्गत 409 मतदान, सारठ विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत 376 मतदान केन्द्र एवं देवघर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत 460 मतदान केन्द्रों की संख्या है।

इस प्रकार देवघर जिला अन्तर्गत कुल 1245 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। साथ ही सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की सुविधा हेतु सभी बूथों पर एएमएफ की सुविधा सुनिश्चित की जायेगी। वहीं सुरक्षा की दृष्टिकोण से सभी मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था रहेगी। इसके अलावे भयमुक्त, शांतिपूर्ण व सुरक्षित मतदान को लेकर एफएसटी-33, भीएसटी-12, एसएसटी-39, एटी-04, एईओ-04 एवं वीवीटी-06 टीम का गठन किया गया। साथ ही देवघर जिला अन्तर्गत विभिन्न सीमाओं पर कुल 05 (अंधरीगादर, दर्दमारा, दुम्मा, जयपुर मोड़ व जमुआ) आदि चेक पोस्ट बनाये गये हैं।

आगे जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी द्वारा जानकारी दी गयी कि सी-विजिल एप की जानकारी देते हुए कहा कि इस ऐप के जरिए आमजन आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट कर सकेंगे। यह एप निर्वाचन की घोषणा की तिथि से प्रभावी होगी और मतदान के एक दिन बाद तक बनी रहेगी। कोई भी व्यक्ति इस ऐप के जरिए कहीं भी आचार संहिता के उल्लंघन की जानकारी दे सकेगा। सी विजिल एप चुनावी गड़बड़ियों पर तत्काल लगाम लगाने में सहायक होगा। इस एप के आने से नागरिकों को चुनाव के संबंध में शिकायत दर्ज कराने के लिए पीठासीन अधिकारी के कार्यालय की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। शिकायत के लिए जागरूक नागरिक को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की एक तस्वीर या अधिक से अधिक दो मिनट का वीडियो रिकॉर्ड कर इस एप पर भेजना है। इसमें शिकायतकर्ता की पहचान गुप्त रखी जाएगी। सबूत आधारित शिकायत का निस्तारण अधिकतम 100 मिनट में किया जा सकेगा। प्रेसवार्ता में उपरोक्त के अलावा निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ देवघर रवि कुमार,उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेष कुमार सिंह,निर्वाची पदाधिकारी सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी नरेश रजक,जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा मुकेश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार,सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं विभिन्न मीडिया प्रतिनिधि व संबंधित विभाग कर्मी आदि उपस्थित थे।

## आधी आबादी को पूरा हक दे रही सरकार : सूरज झा



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** मुख्यमंत्री मैयां सम्मान योजना की राशि में वृद्धि ऐतिहासिक है। हेमंत सोरेन के राज्य में महिलाओं का उत्थान हो रहा है। आधी आबादी को उनका हक देने के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित है। मैयां योजना के माध्यम से दिसंबर महीने से सभी माता बहनों को ढाई हजार रुपये की राशि खातों में भेजी जाएगी।उक्त बातें झामुमो जिला संयुक्त सचिव सूरज झा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा। उन्होंने कहा कि मैयां सम्मान योजना मील का पत्थर साबित होगा। यदि भाजपा की मंशा साफ होती तो भाजपा की सरकार देश में है, देश की प्रत्येक महिलाओं को ऐसी योजनाओं का लाभ देना चाहिए। राज्य सरकार की घोषणा से बौखलाई भारतीय जनता पार्टी ने गोगो योजना के नाम पर राज्य के भोले भाले लोगों को बरगलाने का प्रयास शुरू कर दिया है. लेकिन झारखंड की जनता भाजपा के स्वांग में फंसने वाली नहीं है।

## बीडीओ ने की बूथ पर्यवेक्षकों के साथ बैठक



**देवघर ।** देवीपुर आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए देवीपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय राजेश बारला ने देवीपुर थाना प्रभारी संदीप कृष्णा, थाना के सभी एएसआई, मतदान बूथ पर्यवेक्षक के साथ अहम बैठक किया गया। इस दौरान सभी बूथों का भौतिक सत्यापन का पूरा किए जाने का की जानकारी ली। इसके अलावे चुनाव को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

## मिट्टी कटाई से पेड़ गिरने का खतरा, दहशत में लोग



**देवघर ।** देवीपुर रोहिणी से बाघमारी होते हुए देवीपुर प्रखंड के जीतपुर तक सड़क निर्माण में संवेदक के द्वारा सड़क किनारे के मिट्टी को ही सड़क निर्माण के दौरान दिया जा रहा है। सड़क किनारे मिट्टी खोदने से सड़क किनारे में लगाए गए सामाजिक वानिकी प्रमंडल जंगल विभाग की ओर से हजारों पेड़ क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पेड़ के जड़ को उखाड़ दिया गया है। जिससे पेड़ों को नुकसान पहुंचा है। इस संबंध में सड़क निर्माण कर रहे संवेदक के कर्मियों ने बताया कि बाहर से मिट्टी लाने का एस्टीमेट में नहीं दिया गया है। जबकि वन विभाग के कर्मियों ने बताया कि जांच कर अभिलंब कार्रवाई की जाएगी।

## छात्र संवाद में छात्रों के हालात पर हुई चर्चा



**देवघर ।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआइ ने एकदिवसीय छात्र संवाद आयोजित कर छात्र संगठन एवं छात्रों के बीच वर्तमान राजनीति में छात्रों के हालात पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिनमें मुख्य रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष डॉ मुन्नम संजय ने भाग लिया। हालांकि कार्यक्रम में एनएसयूआइ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव भाग लेने वाले थे। परंतु कार्यक्रम में व्यस्तता के कारण आने में काफी विलम्ब होने के पश्चात स्थानीय नेताओं द्वारा कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष डॉ मुन्नम संजय ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन कांग्रेस का एक रीढ़ है। कांग्रेस की सरकार हमेशा छात्र हितों में काम करते आ रही है। आज भी झारखंड की सरकार छात्रों के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए, धरातल पर कई योजनाऐं लागू किया। गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, छात्रवृत्ति, मैधावी और गरीब बच्चों को विदेशों में पढ़ने के लिए आर्थिक सहयोग,मुख्यमंत्री ऐक्स्लेंस विद्यालय की स्थापना, प्राथमिक शिक्षा में मध्याह्न भोजन योजना तथा पौशाक की राशि में वृद्धि जैसे अनगिनत कार्य छात्र एवं युवा हित में किए हैं। कार्यक्रम में अंकित यादव,सुनिल यादव,पिंटू यादव,समीर केशरी,मनीष कुमार,महिला अध्यक्ष प्रमिला देवी,कुमार विनायक, डॉ अनुप,कुमार राज,हेमंत चौधरी,राकेश कुमार,संतोष कुमार,गोतम कुमार यादव,चुन्ना मंडल, चंदन यादव, कुंदन कुमार, सियाराम यादव, गोपाल यादव,प्रथम कुमार, संजय,राजू,बबलू दास, लालू यादव,चांद,अंकित यादव, आनंद कुमार आदि दर्जनों मौजूद थे।

## सहियाओं को दिया गया कुष्ठ रोग से संबंधित प्रशिक्षण



**देवघर (संताल एक्सप्रेस संवाददाता)।** जिला कुष्ठ निवारन पदाधिकरी देवघर डॉ मनोज कुमार गुप्ता की देख रेख में मंगलवार को अनुमंडलीय अस्पताल, मधुपुर में सहियाओं के कुष्ठ रोग से संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन उपाधीक्षक डॉ मो शहीद की अध्यक्षता में किया गया।उक्त प्रशिक्षण में उपस्थिति सभी सहियाओं को डीएनटी टीम के सदस्य डॉ राजेश वर्मा, जिला कुष्ठ परामर्शी एवं विश्वेश्वर राम,अचिकित्सा सहायक के द्वारा कुष्ठ रोग के संदेहास्पद व्यक्तियों के पहचान हेतु लक्षण, उपचार, विकलांगत से रोकथाम की जानकारी के साथ समाज में फैले भ्रांतियों को दूर करने के बारे में फ्लिप बुक के आशा की कहानी के माध्यम से बताया गया। साथ ही डॉश मोहम्मद शाहिद के द्वारा सभी सहियाओं को कुष्ठ रोग के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि कुष्ठ रोग की बीमारी समय से उपचार प्रारम्भ होने पर पूर्ण रूप से ठीक हो जाती है, इसलिए लोगों को प्रेरित करें कि वह कुष्ठ रोग से संबंधित लक्षण दिखने पर अपनी जांच नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र अवश्य कराएं। उक्त प्रशिक्षण में डीएनटी टीम के सदस्यों के साथ डॉ इकबाल खान, पीएमडबलू मोश जियाउल अंसारी, विजय सिंह,डिंपल कुमारी,निर्मला देवी,आरती देवी एव अन्य उपस्थित थे ।

## रक्तदान शिविर में 41 लोगों ने किया रक्तदान



**देवघर(संताल एक्सप्रेस संवाददाता) ।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी देवघर शाखा द्वारा देवघर रक्त अधिकार में रक्त की कमी को पूर्ण करने के उद्देश्य से जा रहे हैं बहुआयामी मुहिम ब्लड डोनेशन ऑन व्हील्स के तहत द्युत-दीप्ति स्वास्थ्य न्यास(धर्मार्थ) सत्संग,देवघर द्वारा सत्संग नगर स्थित अन्य धाम आश्रम में एक दिवसीय का आयोजन किया गया सर्वप्रथम इस कार्यक्रम की शुरुआत रेडक्रॉस उपाध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी देवघर रवि कुमार, द्युत-दीप्ति स्वास्थ्य न्यास की चेयरमैन जीवनधुति भट्टाचार्य, कोषाध्यक्ष डॉ अनिर्बान भट्टाचार्य,इंद्रनील भट्टाचार्य, डॉ रमेश प्रसाद, रेडक्रॉस वाइस चेयरमैन पीयूष जायसवाल, कोषाध्यक्ष राजकुमार बरनवाल,कार्यकारिणी सदस्य मयंक राय, डॉ एन.सी.गांधी, देवनंदन झा,विजय प्रताप सनातन, आजीवन सदस्य कृष्णा केसरी, सुप्रीति सिंह द्वारा सामूहिक रूप से सभी आगंतुकों एवं अतिथियों को रेडक्रॉस का आधिकारिक स्मृतिचिन्ह एवं अंग वस्त्र प्रदान कर किया गया.

## अवैध बालू ले जा रहे ट्रैक्टर को पुलिस ने पकड़ा

**देवघर।** जिले के देवीपुर थाना प्रभारी संदीप कृष्णा के द्वारा गस्ति के क्रम में राजपुरा गांव के पास से बालु लदा एक ट्रैक्टर को जॉच के लिए रोका और जांच के क्रम में अवैध बालू निकला। जिसके बाद उक्त ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आई। वही इसकी सूचना वरीय पदाधिकरी समेत जिला खनन पदाधिकरी को भेज दिया गया।

## मईया सम्मान योजना की राशि 2500 किए जानें पर जेएमएम ने मनाया जश्न

### महिला और कन्याओं को संबल बनाने की दिशा में हेमंत का यह बड़ा कदम : सुरेश शाह

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमिटी के द्वारा जिला अध्यक्ष संजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में हेमंत सरकार द्वारा मैया सम्मान योजना की राशि 2500 किए जानें कि खुशी में आभार कार्यक्रम सहित जश्न मनाया गया।इस दौरान टॉवर चौक पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य सह जिला प्रवक्ता सुरेश शाह,अजय नारायण मिश्रा,महिला मोर्चा अध्यक्ष नीलम देवी,युवा अध्यक्ष राहुल चन्द्रवँशी,व्यवसायिक प्रकोष्ठ के श्यामा कांत झा,उपाध्यक्ष सरोज सिंह,इस्तियाक मिर्जा,संयुक्त सचिव सूरज झा,नंद किशोर दास,नुनु सिंह,प्रदीप चौधरी सहित दर्जनों नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।मौके पर जिला अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि हेमंत सरकार लगातार जनहित के लिए कार्य कर रही है।महिलाओं और



बहनों को और सबल बनानें के उद्देश्य से मइँया सम्मान योजना लायी,सिर्फ लायी ही नहीं बल्कि आज राज्य की प्रत्येक महिलाओं को इस योजना से एक हज़ार की जगह में अब 25 सो रुपये मिलेगा।राज्य की एक एक महिला आज हेमंत सोरेन को आशीर्वाद दे रही है और पुनः आगामी विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनें इसके लिए आतुर भी है।मौके पर जिला प्रवक्ता सुरेश शाह ने कहा कि हेमंत सरकार राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मइँया सम्मान योजना की राशि को एक हजार से पच्चीस सो किया है.ताकि राज्य की महिला सशक्त और स्वावलंबी बन सके।वहीं मौके पर उपस्थित नेता और कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाया और आतिशबाजी भी की।

## बिना काम के मईया योजनाओं के लाभुकों को 2500 रूपये देना अन्याय : संघ

### आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संयुक्त संघर्ष मोर्चा का अनिश्चित कालीन हड़ताल जारी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** झारखण्ड राज्य आँगनबाड़ी सेविका सहायिका संयुक्त संघर्ष मोर्चा का अनिश्चित कालीन हड़ताल का 11वाँ दिन जारी रहा। हड़ताली आँगनबाड़ी कर्मियों ने जम कर सरकार विरोधी नारे लगाये। इस मौके पर हड़ताली आंगनबाड़ी कर्मियों ने कहां कि ये कहां का न्याय है कि काम करने वाली आँगनबाड़ी सहायिका 2500 सौ रूपये मासिक उठाएगी और बिना काम के मईया योजनाओं के लाभुक को 2500 सौ रूपये दिया जा रहा है। यह महिलाओ के साथ अन्याय बर्दास्त नहीं होगा। कामगारों के टैक्स के पैसे से चुनाव पूर्व वोट खरीद फरोख्त कर लोकतंत्र की हत्या का प्रयास हो रहा है।मोर्चा ने सरकार को बहुत समय दिया मगर विगत तीनो कैबिनेट में हमारी भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर हमें शब्दों के जाल में उलझा कर कोई भी मामला समाधान नहीं किया और न ही इस दिशा में सकारात्मक वार्ता के लिए मोर्चा को आमंत्रित किया। इस लिए अब मोर्चा बिना सकारात्मक वार्ता



किये हड़ताल से वापस नहीं आएगी। यदि जरूरत पड़ी तो इस सरकार के अहंकार को तोड़ने के लिए विधानसभा वार सम्मेलन कर कामगारों को अपमानित कर सरकारी खजाने की बेरहमी से बर्बादी के खिलाफ जोर दार आंदोलन किया जायेगा। हेमंत सरकार के क्रिया कलाप से लग रहा है कि घर में यदि कुपुत्र पैदा हो जाये तो कैसे बाप की सम्पति को बेरहमी से लुटाता वैसे ही हेमंत सरकार भी कर रही है। सार्वजनिक सम्पति को लुटाने वाला व्यक्ति राज्य का हितैशी कभी नहीं हो सकता है। राज्य के तमाम मेहनत कस आवाम को इस भ्र्ष्टाचार में आकंठ डूबी सरकार को सबक सीखना होगा।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रूबी कुमारी तथा मंच संचालन सोमा मुखर्जी ने किया। मौके पर भारती कुमारी,इश्वरी कुमारी,ममता कुमारी,नीलिमा सिह,बिन्दु बर्नवाल,मुन्नी देवी,गीता कुमारी सिंह अंजू कुमारी,चन्दा देवी,कमला देवी रूकमनि कुमारी रीता मुखर्जी, राखी देवी,बन्दना घोष,सहित सैकड़ो आँगनबाड़ी कर्मी मौजूद थे।

## जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में देवघर के खिलाड़ियों ने जीता 2 कांस्य पदक

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** राजरप्पा स्टेडियम रामगढ़ में अयोजित दो दिवसिय 18वीं झारखंड राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में देवघर के खिलाड़ियों ने जीता 2 कांस्य पदक खेलो इंडिया सेंटर कुमैथा के खिलाड़ी सुमंत राज ने लड़कों के अंडर-14 ट्रायथलॉन ग्रुप-ष्ट में कांस्य पदक जीता मैं और विष्णु मुर्मू ने लड़कों के अंडर-14 ट्रायथलॉन ग्रुप-क्क में कांस्य पदक जीता विजेता खिलाड़ीयो को जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, ओलंपिक साह एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष डॉ.




सुनील खवाड़े, ओलंपिक संघ के सचिव चंदना झा, एथलेटिक्स संघ के सचिव मनोज मिश्रा,आशीष झा,सुरेश साह, रवि केशरी,अमित सोनी, अमित झा,पंकज भालोटिया, रंजन, चंदन, गौरव,सरफराज अंसारी प्रशिक्षक दीपक कुमार आदि खेल प्रेमियों ने शुभकामनाये दिये।

## स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने पुराना सदर अस्पताल से बाबा मंदिर तक निकाला विजय जुलूस



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पुराना सदर अस्पताल से बाबा बैद्यनाथ मंदिर तक एक विजय जुलूस निकाला गया. झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के नेतृत्व में निकाला गया. यह जुलूस उच्च न्यायालय के आदेश पर स्वास्थ्य विभाग में लैब तकनीशियन के पद पर नियमितीकरण के बाद सदर अस्पताल देवघर में नियुक्त हुए मनोज कुमार मिश्र के जीत के उपलक्ष्य पर निकाला गया था।वर्ष 2005 में अनुबंध पर नियुक्त हुए पारा मेडिकल कर्माचारियों के नियमितीकरण के लिए 2014 में नियमावली बना कर 2014 में एएनएम और 2016 में पारा मेडिकल कर्मियों को नियमित किया गया।जिनकी कुल संख्या 1300 थी। वर्ष 2014 में राज्य स्तरीय आंदोलन के साथ आमरण अनशन किया गया था, जिसमें कई अनशन पर बैठे कर्मियों के गंभीर होने के बाद भी सरकार के तरफ से सकारात्मक रुख नहीं होने पर देवघर जिले के सभी 104 अनुबंध कर्माचारियों ने बाबा मंदिर जाकर आंदोलन रत कर्मचारियों के स्वस्थ रहने और जल्द नियमितीकरण की कामना की थी और नियमितीकरण होने पर पुनः बाबा दरबार में सामुहिक हाजिरी लगाने की मन्नतें की थी जिसके दूसरे दिन ही नियमावली को मंजूरी मिल गई थी और और लगातार श्री मिश्रा के नेतृत्व में आंदोलन कर अक्टूबर 2014 में देवघर जिले की 77 एएनएम को नियमित किया गया था और वर्ष 2016 में पारा मेडिकल कर्मियों को नियमित किया गया था, जिसमें सब कुछ सही रहने के बावजूद साजिश के कर के श्री मिश्रा का नियमितीकरण नहीं किया गया, इनके नियमितीकरण के बाद सभी कर्मचारी गाजे बाजे,अबीर गुलाल लगाते हुए, मिठाई बांटते हुए नाचते गाते हुए बाबा मंदिर गए और बाबा वैद्यनाथ का आभार प्रकट किया।

## एंबुलेंस चालकों का धरना जारी, मरीज परेशान

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** सदर अस्पताल परिसर स्थित 108एंबुलेंस के ड्राइवरों ने अपनी 5सूत्री मांगों के समर्थन में दूसरे दिन भी धरना जारी रखा।एंबुलेंस ड्राइवरों ने धरने के माध्यम से मांग की है कि उन्हें एनआरएचएम के तहत स्थाई करते हुए एनआरएचएम के तहत सीधे तौर पर भुगतान किया जाय।इसके साथ ही विगत तीन माह से लंबित वेतन भुगतान की मांग करते हुए कहा है कि उन्हें समान काम के आधार पर समान वेतन का भुगतान करते हुए सरकारी छुट्टी दिया जाय। धरना प्रदर्शन में राकेश कुमार, भजन तांती,मुकेश पंडित,योगेंद्र मंडल,मिथुन पंडित सहित दर्जनों 108एंबुलेंस चालक शामिल थे। गौरतलब है कि 108



एंबुलेंस चालकों के धरना प्रदर्शन का स्वास्थ्य सेवा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और मरीजों को जरूरत पर एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिल सकी जिससे मरीज परेशान हैं।

# बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत मैट्रिक व इंटर में बेहतर प्रदर्शन करने वाली बच्चियां पुरस्कृत

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** विकास भवन के सभागार में उप विकास आयुक्त नवीन कुमार की अध्यक्षता में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत पीसी-पीएनडीटी एक्ट 1994 जिला स्तरीय कार्यशाला सह अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला के दौरान उप विकास आयुक्त ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना से पूरे जीवन-काल में शिशु लिंग अनुपात में कमी को रोकने में मदद मिलती है और महिलाओं के सशक्तीकरण से जुड़े मुद्दों का




समाधान होता है। यह योजना तीन मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित की जा रही है अर्थात महिला और बाल विकास मंत्रालय,स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय तथा मानव संसाधन मंत्रालय।इस योजना के मुख्य घटकों में शामिल हैं प्रथम चरण में पीसीपीएनडीटी एक्ट को लागू करना, राष्ट्रव्यापी जागरूकता और प्रचार अभियान चलाना तथा विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित कार्य करना।बुनियादी स्तर पर लोगों को प्रशिक्षण देकर, संवेदनशील और जागरूक बनाकर तथा सामुदायिक एकजुटता के माध्यम से उनकी सोच को बदलने पर जोर दिया जा रहा है। क्या है पीसीपीएनडीटी एक्ट गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम, 1994 भारत में कन्या भुण्र हत्या और गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिए भारत की संसद द्वारा पारित एक संघीय कानून है। इस अधिनियम से प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्री-नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक श्पीएनडीटीश् एक्ट 1996, के तहत जन्म से पूर्व शिशु के लिंग की जांच पर पाबंदी है। ऐसे में अल्ट्रासाउंड या अल्ट्रासोनोग्राफी कराने वाले जोड़े या करने वाले डाक्टर, लैब कर्मी को तीन से पांच साल सजा और 10 से 50 हजार जुर्माने की सजा का प्रावधान है।कार्यशाला को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ रंजन सिन्हा ने जानकारी दी कि भ्रूण्र हत्या, जन्म पूर्व लिंग परीक्षण और अन्य किसी भी माध्यम से बेटियों की हत्या को अपराध के तहत दोषी पाये जाने वाले व्यक्तियों व संस्थाओं को कानूनी सजा तथा लाइसेंस रद्द करने और जेल भेजने का प्रावधान है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बेटियां की सुरक्षा, संरक्षण, शिक्षा स्वास्थ्य और बेहतरी के लिए हमें सामाजिक रुप से हम सभी लोगों को आगे आना होगा। लिंगानुपात की सुधार और बेटियों को उसका पूरा अधिकार देना हम सबों की सामूहिक जिम्मेवारी है। इसके अलावे कार्यक्रम के दौरान मैट्रीक व इंटर में बेहतर प्रदर्शन करने वाली बच्चियों को 5000 रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में सविल सर्जन डॉ0 रंजन सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी, सीडीपीओ के साथ-साथ संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## पहले मंत्री इरफान का आवास घेरा, फिर एसडीएम के पहल पर ऑटो और टोटो की हटाई गई नो एंट्री



**जामताड़ा ।** दशहरा के दौरान बाजार में भीड़ बढ़ने से पुलिस प्रशासन के द्वारा लगाई गई नो एंट्री पूजा के बाद भी जारी रहने से टोटो और ऑटो चालकों की परेशानी काफी बढ़ गई थी। अभी आलम यह है कि इन सवारी वाहनों को पुराने कोर्ट मोड़ से आगे नहीं बढ़ने दिया जा रहा था। शहर के मुख्य हिस्सों में जाने के लिए टावर चौक आना अनिवार्य है और यही एकमात्र शहर का रास्ता भी है। सवारी को जहां 1 किलोमीटर की दूरी पर गंतव्य मिल जाता था वह अभी चार गुना ज्यादा लंबा हो गया। सवारी वाहन चालकों की परेशानी बढ़ी, किराया भी बढ़ा और लोगों को समय भी ज्यादा देना पड़ रहा है, जिसके चलते इन सवारी वाहनों की मांग भी काफी कम हो गई थी। शहर में मुख्यतः किसी भी मौके पर स्टेशन रोड से कोर्ट तक वाहनों पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाता था। इस साल यह नई व्यवस्था लागू की गई जो परेशानी का मुख्य कारण बना। इस समस्या से परेशान टोटो और ऑटो चालकों ने मंगलवार सुबह अपने वाहनों के साथ स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ इरफान अंसारी के आवास के समक्ष जाम लगा दिया। इनका कहना है कि जब टोटो, ऑटो चला ही नहीं सकते हैं तो फिर सड़क पर बेवजह घूम कर क्या करें। ऑटो चालकों ने कहा कि जब तक इस बात का फैसला नहीं हो जाता है हम लोग मंत्री आवास पर ही रहेंगे। चुकी मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी अभी जामताड़ा में उपलब्ध नहीं है फिर भी उन तक सूचना पहुंचा दी गई है और पता चला है कि शाम तक उनके प्रतिनिधि इस संदर्भ में चालकों से बात करेंगे और समस्या का समाधान किया जाएगा। इन चालकों का गुस्सा पुलिस प्रशासन पर ज्यादा दिखाई दिया। इनका कहना है कि पुलिस प्रशासन इस मामले में मनमानी कर रही है तथा ट्रैफिक में लगाए गए पुलिस के जवान टोटो चालकों से गलत व्यवहार कर रहे हैं। मंत्री आवास पर प्रदर्शन के दौरान चालकों ने जमकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में टोटो और ऑटो चालकों का यह दल अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार के पास पहुंचे। इन लोगों की समस्या सुनने के उपरांत एसडीएम ने तत्काल नो एंट्री हटाने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने सभी चालकों से ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए और आम लोगों की सुविधाओं को देखते हुए गाड़ी चलाने का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने सख्त निर्देश दिया कि सड़क पर बेवजह कहीं भी गाड़ी खड़ी करके ना रखें। नो एंट्री खत्म होने के बाद टोटो और ऑटो का परिचालक आरंभ हुआ।

## नहर के पानी में डूबने से एक अधेड़ की मृत्यु

कुंडहित (जामताड़ा) मंगलवार दोपहर को अजय बराज नहर में नहाने के दौरान एक अधेड़ की मृत्यु हो गई । घटना के बाद ग्रामीण एवं परिजन द्वारा 108 एंबुलेंस को कॉल करने पर नहीं पहुंचा, ग्रामीणों ने भाड़े के वाहन लेकर पहुंचे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडहित पहुंचे,जहां चिकित्सकों ने उक्त व्यक्ति को मृतक घोषित कर दिया।जानकारी के अनुसार कुंडहित पंचायत अंतर्गत पहाड़गुड़ा निवासी 55 वर्षीय सनातन हेंब्रम दोपहर को घर के सामने अजय बराज नहर मैं नहाने गए थे । इसी दौरान पानी के गहरे तल पर चले गए। कुछ दूर पर स्थानीय लोगों द्वारा देखने पर उन्हें पानी से निकल गया तथा 108 एम्बुलेंस को फोन किया गया। लेकिन 108 एंबुलेंस की चालक हड़ताल पर रहने के कारण नहीं पहुंचा। ग्रामीणों की मदद से पीड़ित सनातन हेंब्रम को भाड़े की वाहन से कुंडहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया । जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया।

## नए थाना प्रभारी के रूप में रंजीत प्रसाद गुप्ता ने दिया योगदान

**फतेहपुर ।** मंगलवार को फतेहपुर थाना के नए थाना प्रभारी के रूप में पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत प्रसाद गुप्ता ने योगदान लिया। इस दौरान थाना में उपस्थित अधिकारियों से परिचय कराया गया। साथ ही थाना परिसर का जायजा लिया गया। पदभार ग्रहण के बाद थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद गुप्ता ने कहा कि विधि व्यवस्था नियंत्रण करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही क्षेत्र में भयमुक्त, शांति एवं सुरक्षित माहौल बनाए रखने का प्रयास हमेशा रहेगा। किसी भी प्रकार की चोरी पर रोक लगाने की कोशिश होगी। साथ ही क्षेत्र की जनता को पहली प्राथमिकता देना हमारा लक्ष्य रहेगा।

## सामाजिक कार्यकर्ता ठाकुर विक्रम सिंह ने पोड़ैयाहाट में की जनसुनवाई रैली



**गोड्डा ।** पोड़ैयाहाट के सत्संग मैदान से मुख्य बाजार तक क्षेत्र के महिला, पुरुष, वृद्ध के साथ युवा सामाजिक कार्यकर्ता ठाकुर विक्रम सिंह ने जोरदार भाषण के साथ नारा लगाते हुए पैदल यात्रा की। साथ ही भ्रष्टाचार नाम का एक पुतला भी पोड़ैयाहाट मेन चौक में जलाया गया। जिसमें सभी अपने अपने पंचायत से अपनी समस्या को लेकर एकत्रित हुए थे। जिसमें प्रमुख मांग घटवार /घटवाल को जाति प्रमाण पत्र निर्गत की जाए, सरकार द्वारा दिए गए महिला ग्रुप लोन को माफ करना होगा तथा लोन के ब्याज दर को कम करना होगा, अबुआ आवास में भ्रष्टाचार बंद होना चाहिए। अस्पताल की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए इत्यादि अनेक प्रकार की समस्याओं से अवगत कराया गया। सामाजिक कार्यकर्ता ठाकुर विक्रम सिंह के द्वारा बताया गया कि जब सरकार बिजली बिल माफ कर सकती है तथा अडानी अंबानी जैसे कंपनियों की लोन को माफ कर सकती है या दर को कम कर सकती है तो महिलाओं के लोन को कम क्यों नहीं किया जा सकता। जितने भी नेता हैं सब चुनाव के समय ही आते हैं और वोट लेकर चले जाते हैं उनके दुख दर्द को कोई सुनने के लिए तैयार नहीं है। साथ ही उपायुक्त से मिलकर उनको इस समस्या से अवगत कराकर तथा निपटान करने का भी आश्वासन दिया। जिसमें प्रमुख रूप से युवा सामाजिक कार्यकर्ता ठाकुर विक्रम सिंह, दुखनी देवी, सोनम खातून, सावित्री देवी, मुगलम अंसारी, नीलम देवी, पूजा देवी व अन्य सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

## जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान 20 नवंबर को : डीसी



**संवाददाता**

**गोड्डा ।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर एवं पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी के द्वारा संयुक्त रूप से मीडिया कर्मियों के बीच प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा मीडियाकर्मियों को जानकारी प्रदान की गई कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा झारखंड विधानसभा आम चुनाव 2024 के निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा जारी किए जाने के फलस्वरुप आज से जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान के उपायुक्त के द्वारा जानकारी दी गई कि चुनाव की अधिसूचना 22 अक्टूबर , नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 29 अक्टुबर ,नाम निर्देशन प्रपत्रों की स्क्रूटनी 30 अक्टूबर ,अभ्यर्थिता वापस लेने की तिथि 01 नवंबर , मतदान की तिथि 20 नवंबर एवं मतगणना की तिथि 23 नवंबर निर्धारित की गई है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 27 अगस्त 2024 से अब तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में कुल 36739 नये मतदाताओं को जोड़ा गया है। जिले में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 13805 है एवं 85 प्लस मतदाताओं की संख्या 6697 है।प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा जिले में बनाए गए मतदान केंद्र एवं विभिन्न कोषांगों द्वारा अब तक किए गए कार्यों की प्रगति की जानकारी मीडिया कर्मियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी के द्वारा जिले में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर मीडिया कर्मियों को जानकारी प्रदान की गई साथ ही साथ उन्होंने कहा कि आज से जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटने पर 24x7 कंट्रोल रूम को सूचित करें। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा आलोक वरण केसरी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता रितेश जयसवाल, जिला परिवहन पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कंचन कुमारी भुदोलिया सहित प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडियाकर्मी मौजूद थे।

## चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करें सभी पार्टियां : डीसी

**संवाददाता**

**गोड्डा ।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में जिले में बुधवार को आदर्श आचार संहिता लागू होने को लेकर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि आज दिनांक 15.10.2024 को जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से चुनाव संपन्न कराने को लेकर सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श की गई। उन्होंने आदर्श आचार संहिता की जानकारी देते हुए कहा कि जिले में किसी भी प्रकार से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन ना किया जाए। चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सभी पार्टियों के द्वारा किया जाए। यदि इससे संबंधित कोई जानकारी प्राप्त करनी हो तो निर्वाचन कार्यालय से अथवा संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है। उपायुक्त ने कहा कोई भी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी अपने समर्थकों को किसी भी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी निजी भूमि, भवन, परिसर की दीवारों आदि पर झंडा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने, नारा लिखने आदि की अनुमति नहीं देगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों के आवास और वाहनों पर झंडे लगाने समेत विभिन्न बिन्दुओ पर जानकारी साझा की गई तथा सभी सदस्यों को आदर्श आचार संहिता के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानको का पालन करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया में जिला प्रशासन का सहयोग प्रदान करने की अपील की गई। उक्त बैठक में मौके पर पुलिस अधीक्षक गोड्डा, अनिमेष नैथानी, अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा, बैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा, आलोक वरुण केसरी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता गोड्डा, रितेश जयसवाल, उपनिर्वाचन पदाधिकारी गोड्डा, पंकज कुमार समेत विभिन्न राजनितिक दलो के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू




**गोड्डा सं।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने मंगलवार को चुनाव की घोषणा कर दी। चुनाव की घोषणा होते ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई। विधानसभा चुनाव को लेकर इलेक्शन कमिशन आफ इंडिया के द्वारा दोपहर कॉन्फ्रेंस कर घोषणा कर दी गई। आयोग ने झारखंड के साथ महाराष्ट्र में भी विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को पूरा हो रहा है। जबकि झारखंड विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को पूरा होगा। **दो चरणों में होंगे चुनाव** चुनाव आयोग ने झारखंड विधानसभा को लेकर दो चरणों में चुनाव कराए जाने की घोषणा की है। जहां पहले चरण के लिए 13 नवंबर तथा दूसरे चरण के लिए 20 नवंबर को मतदान की तिथि निर्धारित है। जबकि 23 नवंबर को मतगणना कराया जाएगा।

**गोड्डा सहित संताल में दूसरे चरण में होंगे चुनाव**इधर गोड्डा सहित संथाल परगना के सभी सीटों पर दूसरे चरण में 38 विधानसभा क्षेत्र में मतदान कराए जाएंगे। इसके लिए 22 से 29 अक्टूबर तक नामांकन की तिथि निर्धारित की गई है। जबकि 30 तारीख को स्क्रुटनी किया जाएगा। वही नाम वापसी कि तिथि 1 नवंबर को निर्धारित की गई है। जबकि दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर को होगा। वहीं 23 नवंबर को मतगणना की तिथि निर्धारित है। विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रशासनिक महकमा रेस हो गई है। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन दृढ़संकल्पित है। चुनाव को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है।

वही चुनावी बिगुल बजते ही राजनीतिक दलों की सर गर्मी भी तेज हो गई है। एक ओर जहां दशहरा के बाद तापमान में गिरावट शुरू हो गई है। वहीं विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद राजनीतिक तापमान में उछाल आ गया है। अब चुनाव को लेकर गोड्डा विधानसभा मे राजनीतिक दलों की सरगर्मी तेज हो गई है। गोड्डा में भाजपा एवं राजद के बीच पिछले कई टर्म से सीधी लड़ाई होती रही है। शायद इस बार भी नजारा कुछ ऐसा ही हो ऐसी उम्मीद जताई जा रही है। गौरतलब हो कि 2019 में झारखंड में पांच चरण में चुनाव कराए गए थे लेकिन इस बार महज दो चरणों में ही चुनाव संपन्न करने की घोषणा की गई है। महज दो चरणों में चुनाव संपन्न करने से आम जनों को काफी राहत महसूस होंगे। दो चरणों में चुनाव की बात से आम जन्म में खुशी देखी जा रही है।

## मैंया सम्मान योजना में राशि बढ़ाई जाने पर झामुमो महिला मोर्चा ने मनाया जश्न



**गोड्डा ।** झारखंड सरकार हेमंत सोरेन के द्वारा झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह मिलने वाली एक हजार रुपए को बढ़ाकर पच्चीस सौ रुपए करने को लेकर इस योजना को कैबिनेट के द्वारा स्वीकृति प्रदान किए जाने को लेकर राज्य भर में झामुमो कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। ज्ञात हो कि राज्य भर में करीब 53 लाख से भी अधिक महिलाओं को इस सम्मान योजना का लाभ मिल रहा है। वहीं इस योजना के तहत उक्त सम्मान राशि में वृद्धि किए जाने को लेकर गोड्डा जिला झामुमो समिति के तत्वाधान में बुधवार को जिला महिला मोर्चा झामुमो अध्यक्ष ललिता झा के अगुवाई में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला मुख्यालय अवस्थित कारगिल चौक पर सभी कार्यकर्ताओं ने खुलकर जश्न मनाया। सबों ने एक दूसरे को अबीर- गुलाल लगाए और पटाखे फोड़कर आतिशबाजी की, साथ ही कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाया और लोगों के बीच मिठाई बांटी गई। वहीं झामुमो कार्यकर्ताओं ने इस योजना को लेकर खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान उक्त कार्यक्रम में झामुमो नगर अध्यक्ष अजय कुमार देवा, सदर प्रखंड अध्यक्ष बालमुकुंद महतो, श्यामल रामदास जिला कार्यकारिणी सदस्य, प्रकाश मंडल किसान मोर्चा कोषाध्यक्ष, संतलाल मरांडी प्रखंड सचिव गोड्डा, गुड्डू राउत, जिला संगठन सचिव, सुमन कुमार नगर कोषाध्यक्ष, अंसार आलम नगर कार्यकारिणी सचिव, सोम मरांडी बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष, स्वीकृता हांसदा नगर अध्यक्ष, मार्था टुडू जिला कोषाध्यक्ष, लुखी मरण्डी, बसंती सोरेन, सोनामुनी मुर्मू, पकू टुडू, मार्सेला मुर्मू, बिटीया मुर्मू, मरांगबीटी किस्कू, कसलिया सोरेन, विणा सोरेन, बड़कू अंसारी, राजकुमार दास नगर संगठन सचिव, विकास हजारी प्रखंड उपाध्यक्ष, साहिल फिरदोस आलम नगर संगठन सचिव, मिन्हाज नगर उपाध्यक्ष, बंटी अंसारी, रौनक अफरोज, श्रवण बास्की, शिवलाल मुर्मू आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## तीन सूत्री मांगों को लेकर झारखंड शिक्षा परियोजना कर्मी संघ का अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू



**गोड्डा ।** झारखण्ड शिक्षा परियोजना कर्मी संघ, गोड्डा इकाई (कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कर्मी संघ) के द्वारा अपनी तीन सूत्री माँग को लेकर जिला मुख्यालय अवस्थित अशोक स्तंभ परिसर में मंगलवार को अनिश्चित कालीन हड़?ताल पर बैठे। वहीं उक्त बैठक के दौरान बताया गया कि सीपीआई के आधार पर वेतन वृद्धि, समूह बीमा एवं सेवा नियमितिकर?ण को लेकर हम सभी परियोजना कर्मी एवं कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के हड़?ताल पर डटे रहेंगे। वहीं बताया गया कि उक्त मामले को लेकर बुधवार दिनांक 15.10.2024 को प्रशासी पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची द्वारा झारखण्ड राज्य स्तरीय अध्यक्ष एवं सचिव शिक्षा परियोजना परिषद कर्मी संघ को वार्ता के लिए बुलाया गया है परन्तु चुनाव की अधिसूचना जारी होने की आशंका से यह वार्ता का प्रतिफल धरातल पर कितना लागू हो सकेगा यह समय ही बतायेगा। वहीं संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार सिन्हा ने बताया कि उमा देवी बनाम राज्य के वाद में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के वावजूद अनुबंध कर्मियों का नियमितीकरण एवं सामंजन झारखंड में नही हो सका है। अतः हम सभी संविदाकर्मी इस सरकार से यह माँग करते हैं कि सभी बिन्दुओं पर सरकार सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए संविदाकर्मी अधिनियम को तुरंत लागू करे। वहीं इस मौके पर मीडिया प्रभारी नीरज कुमार चौधरी, सचिव अनिता कुमारी, संगीता कुमारी, स्नेहलता पाठक, आभा कुमारी, महासचिव अनुप एम0 केरकेट्टा, संरक्षक प्रवीण कुमार एवं समन्वय समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## जाति संख्या के आधार पर विधानसभा में हो भाजपा में भागीदारी - तेली समाज



**गोड्डा ।** तेली समाज के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने बुधवार को तेली समाज के विरिष्ठ मंत्री डॉ0 सियाराम साहू से मुलाक़ात की। वहीं वार्ता के दौरान हरियाणा में हुए चुनाव पर भी चर्चा हुई। इस दौरान उन्होंने कहा कि वहां पर जिस जाति का जितना बड़ा समूह है उस जाति को वहां के संख्या के आधार पर टिकट देने का काम किया गया तब जाकर वहां पर भारतीय जनता पार्टी कि सरकार बनी। झारखण्ड प्रदेश में उसी आधार पर टिकट दे तब उनको मदद करेंगे, टिकट नहीं तो वोट नहीं। झारखण्ड प्रदेश में तेली समाज का जनसंख्या अधिक है और राजनीतिक में भागेदारी शून्य है, ज़बकि 24 जिला में एक भी जिलाध्यक्ष नहीं है। भाजपा कि एक भी तेली समाज में विधायक नहीं है, प्रदेश कमेटी में भी नहीं है। हमलोग चल कर जनसंख्या का सर्वे कर रहे हैं, जहाँ मेरी जाति की संख्या है वहां तेली समाज को टिकट मिलनी चाहिए। टिकट नहीं देने पर हमलोग भाजपा को वोट नहीं करेंगे। जो समाज का नेतृत्व करने वाला नेता होगा हम लोग उसके साथ मिलकर तेली जाति का पूर्ण रूप से साथ रहेंगे, किसी पार्टी का बंदुवा मजदूर नहीं रहेंगे।

## दुष्कर्म की घटना का डालसा ने लिया संज्ञान



**गोड्डा ।** बोआरीजोर थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ तीन युवकों द्वारा दुष्कर्म किया गया है। इस संबंध में सोमवार को मामला दर्ज हुआ। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कदम उठाते हुए तीनों आरोपितों राकेश टुडू, उमेश टुडू एवं जोहन बेसरा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर संज्ञान लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष पीडीजे राजेश कुमार वैश्य व सचिव डा. प्रदीप कुमार के निर्देश पर टीम का गठन किया गया। न्यायिक टीम ने प्रभावित परिवारों से मिलकर स्थिति का जायजा लिया। टीम में शामिल पीएलवी दयानंद यादव व अनिता टुडू ने इस संबंध में मिलने वाले प्रतिकर मुआवजा व विधिक सहायता मुहैया कराने को लेकर जरुरी कागजातों की जानकारी दी एवं अन्य मदद का भरोसा दिलाया। पीड़िता के स्वजनों ने बताया कि वह सहेली के साथ ललमटिया से मेला देखकर घर वापस लौट रही थी कि रास्ते में उसके मुंह को गमछा से बंद कर उसके साथ जंगल में तीन युवकों ने बारी- बारी से दुष्कर्म किया। ज्ञात हो कि इसके पूर्व 10 एवं 14 जुलाई 24 को नगर थाना व मोतिया थाना क्षेत्र में भी सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई थी। जिसपर उच्च न्यायालय ने संज्ञान लेकर पीड़ित परिवारों की सुधि ली और अंतरिम प्रतिकर मुआजवा दिलाने की दिशा में त्वरित कार्रवाई का निर्देश जारी किया गया।

**सड़क दुर्घटना में मृतक परिवार की ली सुध**

**गोड्डा ।** पोड़ैयाहाट प्रखंड के संथाली टोला के 35 वर्षीय युवक सुनील सोरेन की सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने स्वजनों की सुधि ली। डालसा के सचिव डा. प्रदीप कुमार ने संज्ञान लेते हुए डालसा टीम ने मंगलवार को प्रभावित परिवारों से मिलकर जानकारी ली एवं प्रावधान के तहत मुआवजा दिलाने की दिशा में त्वरित कदम उठाने का आश्वासन दिया। सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार सुनील सोरेन घर का एकलौता वारिश था। वह मजूदरी करके परिवार का पालन पोषण करता था। उसकी अबतक शादी नहीं हुई थी। उसके निधन के बाद परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है। पीएलवी मो. हसीब व शंकर चंद्र सेन ने मुआवजा को

## राज्य स्तरीय एथलेटिक्स स्पर्धा में भाग लेने के लिए 90 सदस्यीय दल रांची रवाना



गोड्डा - खेलो झारखंड राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के एथलेटिक्स स्पर्धा में भाग लेने के लिए 90 सदस्य दल रांची हुआ रवाना। खेल गांव रांची में प्रतियोगिता 16 से 19 नवंबर के बीच आयोजित होनी है। एथलेटिक्स स्पर्धा में कुल 6 वर्गों में खिलाड़ियों का दल गया है। जिसमें अंडर 14 बालक बालिका , अंडर 16 बालक बालिका तथा अंडर-19 बालक बालिका के खिलाड़ी शामिल है। मैनेजर के रूप में खिलाड़ियों के साथ एथलेटिक्स कोच सह शारीरिक शिक्षा शिक्षक नीरज कुमार, किशोर कुमार, संजय सोरेन, मंगल सरदार, पिंकी गुप्ता , प्रियंका खंडेलयाल भी साथ रवाना हुए है। खिलाड़ियों को शुभकामना संदेश देते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिला टुडू ने कहा कि एथलेटिक्स की टीम पूर्व की टीमों से प्रेरणा लेते हुए अच्छा प्रदर्शन करेगी। शारीरिक शिक्षा शिक्षकों नीरज कुमार सिंह, अनंत कुमार यादव, सनी भारती, जहीर अब्बास, महानंद यादव, लल्लन कुमार, जहीर आलम, गौतम कुमार, सुशील कुमार सिंह, सोनी कुमारी, अनुपम मिश्रा , अजय राय ने शुभकामना देकर खिलाड़ियों को विदा किया।

## एंबुलेंस कर्मियों ने बकाए वेतन की मांग को लेकर किया प्रदर्शन



गोड्डा - जिले में 108 के तहत नियुक्त आउटसोर्सिंग कर्मियों ने अपनी लंबित वेतन भुगतान की मांग को लेकर जिला मुख्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर कर्मियों ने अपने अपने एंबुलेंस लेकर उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और अपनी मांग संबंधी एक विज्ञापन उपायुक्त को सौंपा। कर्मियों ने बताया कि कंपनी द्वारा पिछले दो माह का वेतन नहीं दिया गया वही दशहरा के मौके पर वेतन नहीं मिलने से परिवार और बच्चों को भी दशहरा जैसे पर्व पर उपेक्षित होना पड़ा। कर्मियों ने कहा कि सिविल सर्जन से वेतन की मांग किए जाने पर उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि वेतन नहीं मिलने से इनकार कर दिए जाने के बाद उपायुक्त के समक्ष गुहार लगाई जा रही है ताकि उनके बकाए वेतन का भुगतान हो सके कहा कि जिले में कुल 80 कर्मी कंपनी के तहत बहाल कार्यरत है। कहा कि यदि बकाया वेतन का भुगतान नहीं होता है तो अनिश्चितकालीन हड़ताल कर सड़क जाम करेंगे।

## बीस सूत्री बैठक में हर-घर नल योजना के निमार्ण कार्य में अनियमितता की बात लेकर रही गहमागहमी

कुंडहित (जामताड़ा)मंगलवार को कुंडहित प्रखंड सभागार में बीससूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक बीस सूत्री अध्यक्ष जयश्वर मुर्मू के अध्यक्षता में आयोजन किया गया। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, कृषि, बिजली, सिंचाई , पशुपालन आदि विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में हर घर नल योजना के निर्माण कार्य में अनियमितता को लेकर बैठक गर्म रहा। बीस सूत्री सदस्यों ने बताया प्रखंड के अधिकांश हर घर नल योजना में कहीं पाइप लीकेज, तो कहीं पानी काम गिरना, तो कहीं निर्माण कार्य आधा अधूरा छोड़कर रख दिया गया। इसकी शिकायत विभाग के अधिकारी को बार-बार जानकारी दिया गया लेकिन विभाग या अधिकारी द्वारा किसी तरह संज्ञान नहीं लिया गया। इस पर बीडीओ जमाले रजा ने सभी आश्वासन करते हुए बताया इसकी जानकारी कार्यपालक अभियंता को दिया जाएगा। वही बीसीओ संजय कुमार ने जानकारी देते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुंडहित प्रखंड में बाबुपुर एवं विक्रमपुर लैम्पस में धान अधिप्राप्ति केंद्र बनाया गया। रवि फसल के बीज गेहूं सरसों का बीज कुछ दिनों के अंदर लैंप्स में आ जाएगा। शिक्षा विभाग के बीपीएम ने बताया गुरुजी क्रेडिट कार्ड हेतु पहले 1167 छात्राओं का सुची भेजा गया था अब 83 छात्रों का सूची बाद में जिला को भेजा गया है । वहीं 2024 25 में 1207 स्कुली बच्चों के लिए साइकिल का आवंटन हुआ है। लेकिन वितरण का आदेश नहीं मिलने के कारण स्कूली छात्रों को बीच साइकिल का वितरण नहीं किया गया। बिजली विभाग के कनीय अभियंता राकेश कुमार ने बताया बिजली बील बकाया उपभोक्ताओं का सरकार द्वारा 36 करोड़ रुपया बिजली बील माफ किया है। वहीं स्वास्थ्य , सिंचाई, पशुपालन विभाग के अधिकारी द्वारा चलाए जा रहे योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। मौके पर

## चुनाव में मतदाताओं के बीच शराब व नगद राशि बांटने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी: डीसी

**जामताड़ा ।** मंगलवार शाम को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुमुद सहाय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विधानसभा चुनाव से संबंधित जानकारी दी। उपायुक्त ने बताया कि जिले के 08 नाला, 09 जामताड़ा एवं 14 सारठ (अंश) में दूसरे चरण में मतदान संपन्न होंगे। उपायुक्त ने बताया कि 29 अक्टूबर तक नामांकन किया जा सकेगा, 30 अक्टूबर को सभी प्रपत्रों की जांच होगी तथा एक नवंबर शुक्रवार को नाम वापस लिया जा सकेगा। द्वितीय चरण में 20 नवंबर को मतदान होना है तथा मतगणना की तारीख 23 नवंबर निर्धारित की गई है।

इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जिले के कुल 766 मतदान केंद्रों (जो कि विभिन्न 639 लोकेशन में अवस्थित हैं) में मतदान होगा, जिसमें नाला के 336 मतदान केंद्र, जामताड़ा के 366 मतदान केंद्र एवं सारठ अंश के 64 मतदान केंद्र शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में जिले के नाला विधानसभा क्षेत्र के 1 लाख 22 हजार 873 पुरुष एवं 1 लाख 19 हजार 297 महिला सहित कुल 2 लाख 42 हजार 170 मतदाता तथा जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र के 1 लाख 61 हजार 57 पुरुष, 1 लाख 59 हजार 51 महिला एवं 03 ट्रांसजेंडर मतदाता सहित कुल 3 लाख 20 हजार 111 मतदाता, इस प्रकार दोनों विधानसभा के कुल 5 लाख 62 हजार 281 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग दिल्ली के द्वारा विधानसभा आम चुनाव को लेकर तिथियों के घोषणा के साथ ही आज से जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गया है। इस संबंध में सभी थाना प्रभारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को सख्त निर्देश



दिया गया है कि आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित कोई भी मामला आता है तो नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। इसके अलावा जिले के सभी आर्म्स का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। चुनाव के दौरान मतदाताओं के बीच शराब बांटने एवं नगद राशि बांटने पर भी जिला प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। सी विजिल के माध्यम से अवैध कारोबार पर निगरानी रखी जायेगी। वहीं सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया गया कि बड़ी मात्रा में लेनदेन करने वाले खाताधारियों का सूचना देंगे। वहीं उत्पाद विभाग को अवैध शराब के कारोबारी पर लगातार छापेमारी की कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि आचार संहिता की घोषणा के 24 घंटे के अंदर सरकारी संपत्ति पर सभी दीवार लेखन, पोस्टर/कागज या किसी अन्य रूप में विरूपण, कटआउट/होर्डिंग्स, बैनर, झंडे को हटा दिया जाएगा। इसके अलावा राजनीतिक दल, उम्मीदवार या चुनाव से जुड़े किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा सरकारी वाहन का दुरुपयोग निषिद्ध है। वाणिज्यिक वाहनों पर झंडा/स्टीकर लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी, जब तक कि वह वाहन वैध रूप से चुनाव प्रचार के लिए उपयोग में न लाया गया हो। मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के अधीन निजी वाहनों में यदि झंडे और स्टीकर का उद्देश्य किसी विशेष पार्टी को आकर्षित करना हो तो आईपीसी की धारा 171/ भारतीय न्याय संहिता की धारा 176 के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। इसके अलावा 48 घंटे के अंदर सार्वजनिक संपत्ति, सार्वजनिक स्थान यथा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, हवाई अड्डे, रेलवे पुल, सड़क मार्ग, सरकारी बसें, बिजली टेलीफोन के खंभे, निकाय की इमारतों आदि पर दीवार लेखन या अन्य सामग्री, सभी अनधिकृत राजनैतिक विज्ञापन हटा ली जाएगी। इसके अलावा 72 घंटे के अंदर लागू की जाने वाली गतिविधियों यथा मतदान केंद्रों में न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं का भौतिक सत्यापन हेतु नोडल अधिकारी की नियुक्ति, वलनेरेबल और क्रिटिकल मतदान केंद्र का पहचान आदि के बारे में बताया गया। प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम वकारिब,उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज, अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता ओम प्रकाश मंडल, उप निर्वाचन पदाधिकारी विजय कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विकास आनंद लांगुरी, मुख्यालय डीएसपी, प्रशिक्षु डीएसपी चंद्रशेखर, प्रखंड विकास पदाधिकारी नाला आकांक्षा कुमारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं विभिन्न मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# लाफड़ा चेतान लाफड़ा



**-चुण्डा़ सोरेन 'सिपा़ही'**

